CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26




वर्ष- 43 | अंक -319 | राजनांदगांव, बुधवार 09 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक, जम्मू-कश्मीर में जीता नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन

नई दिल्ली। हरियाणा में हैट्रिक के साथ भाजपा ने जीत का एक और नया इतिहास रचा है। राज्य में 1972 के बाद पहली बार किसी दल ने सत्ता में लगातार तीसरी बार वापसी की है। वहीं, यह भाजपा की हरियाणा में अब तक की सबसे बड़ी जीत भी है।

भाजपा ने 2014 में हरियाणा में 47 तो 2019 में 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि इस बार पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है।




## पीडीपी को लगा सबसे बड़ा झटका

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है। राज्य की 49 सीटें गठबंधन के खाते में गई है। हालांकि, सत्ता की इस दौड़ में पीछे रहने के बाद भी भाजपा ने राज्य में 2014 के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने 29 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि 2014 में उसके पास 25 सीटें ही थी। सबसे बड़ा झटका महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी को लगा है, जो सिर्फ तीन सीटें ही जीती है। 2014 में उसे 28 सीटों पर जीत मिली थी।

## मुख्यमंत्री को लेकर स्थिति साफ

दोनों राज्यों के मंगलवार को आए नतीजे भले ही कई दलों के लिए चौंकाने वाले रहे है, लेकिन मुख्यमंत्री को लेकर स्थिति बिल्कुल साफ है। हरियाणा में भाजपा को मिली इस ऐतिहासिक जीत के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी का जहां फिर से मुख्यमंत्री बनना तय है, वहीं जम्मू- कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री बनना तय है। यह बात अलग है कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्साहित कांग्रेस के लिए दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम निराशाजनक रहे है।

## कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान

हरियाणा में पार्टी की सत्ता में वापसी की उम्मीदों पर पानी फिर गया। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी अपनी इस हार को सहज स्वीकार करने को तैयार नहीं है। वहीं राज्य में कांग्रेस की इस हार के पीछे उनकी अंदरूनी खींचतान और अतिआत्मविश्वास को बड़ी वजह माना जा रहा है। वैसे भी पूरे चुनाव के दौरान राज्य में जिस तरह से मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी के बड़े नेताओं के बीच खींचतान देखने को मिली, वह भी पार्टी की इस हार के पीछे एक बड़ा कारण रहा है। यह बात अलग है कि हरियाणा में कांग्रेस पहले के मुकाबले मजबूत हुई है। 2019 में वह जहां 31 सीटें पर जीती थी, वहीं इस बार पार्टी ने 37 सीटों पर जीत दर्ज की है। जम्मू-कश्मीर के चुनाव नतीजे वैसे तो बिल्कुल भी अप्रत्याशित नहीं थे, क्योंकि वहां पहले से नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन बढ़त बनाए हुए थे।

## केंद्र पर रहेगी निर्भरता

नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज राज्य भले ही सत्ता की चाभी अपने हाथ में ले ली है, यहां भी कांग्रेस का प्रदर्शन कमजोर ही था। वह राज्य की मात्र छह सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। इसके साथ ही आने वाली सरकार को राज्य के विकास के लिए केंद्र के साथ तालमेल रख कर ही आगे बढ़ना होगा। केंद्रशासित प्रदेश होने के चलते उनकी पूरी निर्भरता केंद्र पर ही रहेगी।

## भाजपा-कांग्रेस के बीच जबरदस्त रहा मुकाबला

हरियाणा में भाजपा ने भले ही जीत की हैट्रिक लगाई है, लेकिन वोट प्रतिशत में कांग्रेस और उसके बीच मुकाबला काफी कड़ा रहा। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना के रुझानों से ही दोनों के बीच यह जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। अंतिम परिणामों में भाजपा को हरियाणा में जहां 39.90 प्रतिशत और कांग्रेस को 39.10 प्रतिशत वोट मिले है। वोटों के लिहाज से दोनों के बीच यह हिस्सेदारी भले मामूली रही, लेकिन सीटों में दोनों के बीच बड़ा अंतर था। भाजपा ने जहां 49 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस के खाते में 37 सीटें आयी। वहीं इनेलो सिर्फ दो सीटों पर ही सिमट गई।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे अधिक सीटें

जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव भी कम रोचक नहीं था। मतगणना पूरी होने के बाद वोट प्रतिशत के लिहाज से भाजपा जहां राज्य की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। उसे सबसे अधिक 25.60 प्रतिशत वोट मिले है, जबकि सीटों के लिहाज से नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे अधिक 42 सीटें मिली है। हालांकि, उसका वोट प्रतिशत भाजपा के काफी पीछे 23.47 प्रतिशत ही है। कांग्रेस को राज्य में करीब 12 प्रतिशत व पीडीपी को करीब नौ प्रतिशत ही वोट मिले है। यानी सभी दलों में भाजपा को सबसे अधिक वोट मिले है। यह बात अलग है कि राज्य में भाजपा 29 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई।

# बीजेपी की ऐतिहासिक जीत पर बोले पीएम मोदी- 'हरियाणा के लोगों ने कमल-कमल कर दिया'



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत पर मंलगवार शाम को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा, 'हरियाणा के लोगों ने कमल-कमल कर दिया। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं।'

पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा, 'आज हरियाणा में झूठ की घुट्टी पर विकास की गारंटी भारी पड़ गई है। हरियाणा की जनता ने नया इतिहास रच दिया है। पीएम मोदी बीजेपी मुख्यालय पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। पीएम मोदी ने हरियाणा की जनता का धन्यवाद दिया और कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी।

पीएम ने कहा, 'हरियाणा की ये जीत बीजेपी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। हरियाणा की जीत नड्डा जी और हरियाणा की टीम के प्रयासों की जीत है। हरियाणा की जीत नम्र-विनम्र मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के कर्तव्यों की भी जीत है।'

## अधिकतर राज्यों ने कांग्रेस के लिए 'नो एंट्री' के बोर्ड लगाए

पीएम मोदी ने कहा, 'बीजेपी जहां भी सरकार बनाती है, वहां की जनता लंबे समय तक बीजेपी का समर्थन करती है।' दूसरी ओर कांग्रेस की हालत क्या है? आखिरी बार कांग्रेस की सरकार कब आई थी सत्ता में वापसी करीब 13 साल पहले 2011 में असम में उनकी सरकार दोबारा बनी थी और तब से दोबारा उनकी सरकार नहीं बनी है। अब देश के ज्यादातर राज्यों में लोगों ने कांग्रेस के लिए 'नो एंट्री' के बोर्ड लगा दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में बीजेपी का वोट शेयर सबसे ज्यादा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वोटों प्रतिशत के हिसाब से देंखे तो जम्मू-कश्मीर में जितनी भी पार्टियां चुनाव लड़ रही थीं उसमें वोट शेयर के हिसाब बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, मैं हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जीत हासिल करने वाले उम्मीदवारों को बधाई देता हूं.




# केंद्रीय मंत्री गोयल से मिले सीएम साय : कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ने का प्रस्ताव

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। बैठक में राज्य के औद्योगिक कॉरिडोर, अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं और कई अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी देने का आश्वासन दिया है, जिससे राज्य को एक नई दिशा मिलेगी।



बैठक का मुख्य मुद्दा छत्तीसगढ़ के औद्योगिक कॉरिडोर का विकास था। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से अनुरोध किया कि कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ा जाए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस प्रस्ताव पर कहा कि इसे जल्द कार्यान्वित किये जाने का आश्वासन दिया. उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश भी दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया रायपुर के पुराने टर्मिनल का उपयोग इस सुविधा के लिए किया जा सकता है, जिससे निर्यात में आसानी होगी। केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द मंजूरी देने का आश्वासन दिया। यह सुविधा राज्य के उद्योगों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगी।

## कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण का दफ्तर मांगा

बैठक में एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) सर्टिफिकेशन कार्यालय की स्थापना का मुद्दा भी उठाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यालय की स्थापना से छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादों को वैश्विक मान्यता मिलेगी, जिससे किसानों और उद्योगपतियों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर कहा कि भारत सरकार इस पर हर संभव मदद करेगा।

## कॉनकोर कंटेनर डिपो की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई

बैठक में रायपुर स्थित कॉनकोर कंटेनर डिपो की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्तमान में डिपो की कुल क्षमता का केवल 15 प्रतिशत उपयोग हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि अधिक शिपिंग लाइनों को जोड़ा जाए, जिससे निर्यात लागत में कमी आएगी और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने इस पर भी सकारात्मक रुख दिखाया और कहा कि जल्द ही शिपिंग मंत्रालय के साथ इस मुद्दे को हल किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में आठ आईएएस अफसरों का ट्रांसफर




रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। यहां मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ आईएएस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक आईएएस अविनाश चंपावत को सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

आईएएस अन्बलगन पी. को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का सचिव बनाया गया है। आईएएस टोपेश्वर वर्मा को राजस्व मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आईएएस रीता शांडिल्य के सेवानिवृत्ति के बाद से राजस्व मंडल के अध्यक्ष का पद रिक्त था। वहीं आईएएस जितेंद्र शुक्ला को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संचालक के साथ-साथ प्रबंध संचालक, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## इन अधिकारियों को मिली ये जिम्मेदारी

अधिकारी का नाम जिम्मेदारी अविनाश चंपावत सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार।अन्बलगन पी. सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार।

टोपेश्वर वर्मा अध्यक्ष, राजस्व मंडल, बिलासपुर। जितेंद्र कुमार शुक्ला प्रबंध संचालक, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार। केडी कुंजाम विशेष सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व संचालक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री। रमेश कुमार शर्मा प्रबंध संचालक, मार्कफेड। विनीत नंदनवार संचालक, भू-अभिलेख एवं संयुक्त सचिव, जन शिकायत एवं निवारण विभाग, डॉ. फरिहा आलम उप सचिव, श्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार।

# महतारी सदन को मिली स्वीकृति : 179 भवन बनाने के लिए 52.20 करोड रुपये पास, 25 सौ वर्गफुट में बनेंगे

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम पंचायतों के महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रयास से 179 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है।



उन्होंने आगे कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। तत्पश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। 179 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 29.20 लाख होगी। उक्त कार्य महतारी सदन योजना के बजट से 24.70 लाख तथा स्वच्छ भारत मिशन के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ताजमहल देख चौंके मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू



आगरा। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू मंगलवार 8 अक्टूबर को यूपी के आगरा पहुंचे। मुइज्जू ने अपनी पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ ताजमहल का दीदार किया। ताजमहल की खूबसूरती को देखने के बाद मुइज्जू ने अपने गाइड से कहा कि मैं जितना सोचता था, ये तो उससे भी ज्यादा खूबसूरत है। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी ने ताजमहल का इतिहास और शाहजहां की लव स्टोरी के बारे में जानकारी ली। साजिदा ने गाइड से पूछा कि इसे कितने लोगों ने बनाया। बनाने वाले आज कहां रहते हैं। गाइड ने जवाब दिया कि ताजगंज एरिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# जम्मू-कश्मीर के लोगों का आभार, हरियाणा में हार का करेंगे आकलन - खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह को मिली जीत के लिए वहां के लोगों का आभार जताया है लेकिन हरियाणा में पार्टी की हार को अप्रत्याशित बताते हुए कहा है कि हार के कारणों का आकलन किया जाएगा।

श्री खरगे ने यहां जारी बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ़्रेन्स गठबंधन को सेवा का मौक़ा देने के लिए हृदय से धन्यवाद। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष एवं गठबंधन सरकार के मुखिया उमर अब्दुल्ला को शानदार जीत की बधाई।

उन्होने कहा, यह जनमत जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के ख़िलाफ़ दिया है।

हमारी गठबंधन सरकार आपकी आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेगी। आपकी ख़ुशहाली और संवैधानिक हकों की रक्षा के लिए इंडिया समूह पूरी तरह संकल्पित है।

श्री खरगे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को अप्रत्याशित बताया और कहा, हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इस जनमत का आकलन कर रही है। हमारे ज़मीनी कार्यकर्ताओं से बात कर, पूरी जानकारी हासिल करने और तथ्यों को जाँच लेने के बाद पार्टी की तरफ़ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। हम हरियाणा के लोगों को कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं को निराश होने की ज़रूरत नहीं है। तानाशाही से हमारी लड़ाई लंबी है।÷

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भारत सरकार द्वारा 8 सड़क खंडों के लिए 892 करोड़ स्वीकृत करने पर आभार व्यक्त किया

रायपुर (दावा)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने भारत सरकार द्वारा आठ सड़क खंडों के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए स्वीकृत करने पर छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के छह जिलों में कुल 323.9 किलोमीटर सड़क खंडों के विकास के लिए इस साल 9 सितम्बर को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया था। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विगत 30 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दी थी।



## पीडब्ल्यूडी के प्रस्ताव पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 6 जिलों में 324 किमी सड़क के विकास के लिए मंजूर की राशि

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर भारत सरकार द्वारा इन प्रस्तावों को मंजूर किए जाने की जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ के बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिलों में आठ राज्य सड़क खंडों के विकास के लिए सीआरआईएफ से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 892 करोड़ 36 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि से बेमेतरा और मुंगेली जिले में नांदघाट-मुंगेली सड़क खंड और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क खंड का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव-चौकी-मोहला मानपुर सड़क खंड, जशपुर जिले के बागबहार-कोतबा सड़क खंड, लुड़ेंग-तपकरा-लावाकेरा सड़क खंड और जशपुर-आस्टा-कुसमी सड़क खंड के मजबूतीकरण का कार्य भी इनमें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी-सरवानी-पसीद-अमलडिहा-बरतोरी-दगोरी सड़क खंड तथा राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी सड़कखंड के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य भी इस राशि से किया जाएगा। श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हमारी प्राथमिकता है। राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है।

CMYK

# सैकड़ों किसानों ने घेरा कुमरदा तहसील कार्यालय, सहकारी बैंक की शाखा की मांग

## 5 मुद्दों को लेकर आयोजित प्रदर्शन में जुटे दर्जनों गांव के किसान

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा के कुमरदा तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना प्रमुख मांग सहित अन्य चार मांगों को लेकर दर्जनों किसानों ने प्रदर्शन किया। दर्जनों गांवों के प्रभावित किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा है। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि, हमारी मांगों को लेकर ये शुरुआती चरण का आंदोलन है। अगर, इस पर अमल नहीं होता है तो यह अभियान और भी जोर-शोर से चलेगा।

किसान संघ की कुमरदा तहसील इकाई के बैनर तले कुमरदा में मंगलवार को किसान अधिकार यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। महिलाएं भी इस प्रदर्शन का हिस्सा बनीं। विगत माह एक बैठक में किसानों ने तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शेष किस्त, अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा और हसदेव में पेड़ों की कटाई रोकने की मांगों पर अभियान छेड़ने की रणनीति बनाई थी। इसके तहत ही मंगलवार को तहसील मुख्यालय में किसान एकता के नारे के साथ मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया गया। किसान नेता चंदू साहू ने कहा कि, क्षेत्र के दर्जनों गांव समस्या ग्रस्त हैं। सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा यहां न होने से किसानों को डोंगरगांव तक दौड़ लगानी पड़ती है। वहां हमेशा ही लंबी कतार होती है जिसके चलते एक दिन में किसानों का कार्य नहीं हो पाता। उन्हें बार-बार फेरा लगाना पड़ता है। इस परेशानी को पहले भी सामने रखा गया लेकिन अब तक इस पर कोई नतीजा नहीं आया है। इसके अलावा बिजली की अघोषित कटौती, पूर्ववर्ती सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना की आखिरी किस्त का भुगतान भी अब तक लंबित है। किसानों को इससे लाखों का फायदा मिलना है। ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा भी जरुरी मांग है। वहीं हसदेव में जंगल की कटाई तो राष्ट्रीय मुद्दा है।




प्रदर्शन में शामिल हुए किसानों ने कहा कि, कुमरदा में शाखा संचालित की जानी चाहिए जिससे आसपास के तकरीबन 40 गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। हमने मिलकर इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। कुल पांच मुद्दों पर हमने आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा है।

# भाजपा दक्षिण मंडल की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निर्धारित सभी मंडलों की बैठकों का दौर संपन्न हुआ इसी कडी में भाजपा दक्षिण मंडल की बैठक कार्यालय में रखी की गई थी। मंडल की बैठक में भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्यता संयोजक सावन वर्मा, बैठक के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन हेतु प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी एवं मंडल के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद विजय राय के द्वारा एवं अन्य बूथ संयोजकों के द्वारा सदस्यता बुक जमा करवाई गई, विशेष रूप से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया तथा निर्देशित किया गया की अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक घरों में व्यक्तिगत सम्पर्क के माध्यम से सदस्य बनाए और पार्टी की विचारधारा से जोड़े, जिसमें विश्व के सबसे बड़े सबसे पुराने लोकतंत्र की पावन भूमि पर सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य होने का गौरव प्राप्त होता है।

## सिद्धार्थ शेन्डे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक किया जाएगा, प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए संभाग स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थी सिद्धार्थ शेन्डे प्रबंधन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अम्बिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। विद्यार्थी सिद्धार्थ शेन्डे की उपलब्धि के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, संस्था के प्राचार्य श्रीमती कुमकुम झा एवं प्रभारी शिक्षिका सुश्री लेखा साहू ने बधाई दी है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दी है।

# पहला कॉलम...

## सेक्टर स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता दिग्विजय बनी उपविजेता

राजनांदगांव (दावा)। सेक्टर स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन शास.पी.जी.महाविद्यालय कवर्धा द्वारा किया गया।



प्रतियोगिता के पहले मैच में दिग्विजय की टीम ने शासकीय महाविद्यालय पिपरिया को 25-20, 25-19 से पराजित किया। दुसरे मैच में सेमीफाइनल में शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी को 25-20, 18-25 तथा तीसरे सेट में 15-10 से पराजित किया। फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय कवर्धा और दिग्विजय का खेला गया, जिसमें कवर्धा ने दिग्विजय महाविद्यालय को शासकीय दिग्विजय 25-19 से पराजित किया। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी अरूण चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय की टीम के कप्तान चन्द्रेश साहू तथा टीम के अन्य सदस्य यश साहू, योगान्त गोस्वामी, कृष्ण सोनी, वेदप्रकाश सोनी, कुलदीप, विवके तिवारी, करण, अविनाश, डीकेन्द्र थे। टीम की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा, श्रीमती मंजूषा बाजपेयी, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने बधाई दी।

## संगीतकार गोविंद साव को मातृशोक



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों नगर के सुप्रसिद्ध लोक संगीतकार गोविंद साव की मां श्रीमती अनुसुईया साव का लंबी अस्वस्थता के चलते 75 वर्ष की आयु में 7 अक्टूबर 2024 को निधन हुआ। जिनकी अंत्येष्टि मोतीपुर के मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि स्थल में खुमान साव संगीत अकादमी के कलाकार सदस्यों, जिला साहू संघ राजनांदगाँव के साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के साहित्यकारों कलाकारों सहित नगर के वरिष्ठजनों ने दिव्यात्मा के लिए शान्ति पाठ उपरान्त श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रीमती अनसूईया साव अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। गोविंद साव जहाँ सुप्रसिद्ध लोक संगीतकार हैं, वहीं उनके स्वर्गीय पिताजी धनेश राम साहू आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी रहे हैं। वर्तमान उनके लघु भ्राता कुमार गौरव साहू थाना प्रभारी के रूप में सेवारत हैं।

## घनश्याम साहू का निधन



राजनंदगांव (दावा)। लखोली वार्ड क्रमांक 36 गौठान चौक निवासी घनश्याम साहू (75 वर्ष) का आज 8 अक्टूबर दिन मंगलवार सुबह निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास स्थान लखोली गौठान चौक से 12 बजे निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, एक पुत्र व तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे युवराज साहू पंचायत सचिव के पिताजी थे।

# शक्तिधाम महाकाली मंदिर में पंचमी पर मां का मनोरम श्रृंगार



## छत्तीसगढ़ी 56 व्यंजनों से माता को लगाया गया भोग

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाबुटोला वार्ड नंबर 1 में स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मन्दिर में शारदीय नवरात्र का पर्व भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर में 51 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किया गया है। आज पंचमी के अवसर पर मां महाकाली का मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से माता को 56 भोग लगाया गया, वहीं संध्या महाआरती पश्चात माता का जगराता आयोजित कार्यक्रम किया गया।

मंदिर के प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि मां महाकाली की दर्शन करने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आज पंचमी के अवसर पर मां काली का मनमोहक श्रृंगार किया गया। वहीं मां काली को छत्तीसगढ़ी 56 व्यंजनों जैसे ठेठरी, खुरमी, अईरसा, फरा, चीला, अंगाकर रोटी जैसे पकवानों व साग-भाजी से भोग लगाया गया, ये सभी पकवान व्यंजन मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा स्वयं तैयार किया गया, जो दर्शनार्थियों के बीच चर्चा बनी रही। दर्शकों ने इस प्रकार के छतीसगढ़ी व्यंजनों की 56 भोग की खूब सराहना की। संध्या महाआरती पश्चात माता का जगराता किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त माता की भक्तिमय सुमधुर भजन में मग्न झूमते रहे।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट अंडर 14 वर्ष हेतु एनपीएस के विद्यार्थियों का चयन



राजनांदगाँव (दावा)। अंचल की सुविख्यात शैक्षणिक संस्था नीरज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी श्रीधर वैष्णव, वर्णित सीमांकर, सानिध्य साहू का चयन क्रिकेट अंडर 14 वर्षीय बालक वर्ग हेतु शाला के खेल विभाग के प्रयास से खेल प्रशिक्षक क्रिकेट कोच हिमांशु यादव के कुशल मार्गदर्शन में गौरेला पेण्ड्रा रोड में दिनांक 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक होने वाले राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनकी इस उपलब्धि पर एन.पी.एस. क्रीड़ा विभाग के खेल अधिकारी निसार अब्बास खेल विभाग एवं शाला निदेशक मंडल, प्राचार्या सुश्री भारती गौते सहित शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाईयाँ प्रेषित की।

# भुनेश्वर बघेल व भोलाराम साहू ने शोकाकुल परिवार से मिले

## जिलाध्यक्ष भागवत साहू की मां को दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। ट्रेडेसरा निवासी एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू के माता जी श्रीमती तेजबती साहू का (95) वर्ष के आयु में 7 अक्टूबर को निधन हो गया था, जिनके 8 अक्टूबर को अंतिम दर्शन व दाह संस्कार कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू शामिल होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं ईश्वर से प्रार्थना किए कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट किए।

श्रद्धांजलि देने डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, ओमप्रकाश साहू जनपद सदस्य, तुलदास साहू जनपद सदस्य, रमाकांत साहू युवा नेता सहित श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में प्रदेश व जिले के लोग शामिल हुए।

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू नवनिर्मित धर्मशाला भवन लोकार्पण में शामिल होंगे

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में 10 अक्टूबर 2024 दिन-गुरुवार दोपहर समय- 2 बजे छत्तीसगढ़ राज्य शासन अंतर्गत धार्मिक न्यास, धर्मस्व विभाग एवं पर्यटन बोर्ड के माध्यम से एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम हेतु नवनिर्मित धर्मशाला कक्ष लागत राशि 10.00 लाख रुपये की निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिसका विधिवत् लोकार्पण किया जाएगा, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, जेल लोकनिर्माण, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन बोर्ड के पावन करकमलों दवारा सपंन होगी।

अध्यक्षता-दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, और विशेष अतिथि -भागवत साहू अध्यक्ष ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, गुलाब वर्मा, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, महेंद्र यादव सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14, सुरेश सिन्हा अध्यक्ष, ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, श्रीमती अनिता रामखिलावन साहू सदस्य जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 25 डोंगरगढ़, श्रीमती अनिता तामेशवर वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत पेंडरी, मिथलेश सिन्हा उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, नेतराम साहू ग्राम पटेल पेंडरी इस शुभ अवसर पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब, ज्योति कुंज कबीर आश्रम मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ पधारेगे। ज्ञात हो कि सदगुरु कबीर आश्रम में विगत दस वर्षो से गुरुपूर्णिमा चातुर्मास पर्व से देव उठनी एकादशी तक आध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं नवनिर्मित धर्मशाला भवन लोकार्पण समारोह के पावन उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री पुराणिक साहू कृत ''लहरगंगा'' की प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू जी ने दी है।

## सांकरा में कबड्डी प्रतियोगिता 13 को

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ राजनांदगांव से 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम सांकरा में 13 अक्टूबर को एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी प्रवेश शुल्क 201 रु. जमा कर प्रवेश ले सकते है। 5 प्रतिभागी खिलाड़ी का वजन 45 किलो, 2 खिलाड़ी वजन 50 किलो तक भाग ले सकते है।

# स्वास्थ्य विभाग के 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त, निगम में दी गई बिदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 4 कर्मचारी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निगम सभागृह में आयोजित बिदाई समारोह में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित उनके परिजनों की उपस्थिति में बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई दरोगा श्री भूषण मेश्राम सहित सफाई कामगार भोला सुखरू, सल्लू पन्नू एवं श्रीमती सावित्री डागेश्वर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने कहा कि निगम परिवार के 4 सदस्य सेवानिवृत्त हुये, जिन्हें आज बिदाई दी जा रही है। लंबे समय से सफाई विभाग में इन्होंने अपनी सेवाये दी, इनके जाने से कार्य तो प्रभावित होगा, लेकिन सरकारी प्रक्रिया का पालन कर सेवानिवृत्त करना पडेगा। उन्होंने कहा कि चारो कर्मचारी अब अपने आगे का जीवन परिवार के साथ व्यतीत कर परिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करे, यही भगवान से प्रार्थना है।

कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि कई वर्षो का सफर तय कर आज सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय का स्वास्थ्य विभाग सबसे महत्वपूर्ण विभाग होता है, यहॉ काम करना बहुत कठिन है, जो हर व्यक्ति के बस की बात नहीं है, उस काम को इन्होंने बहुत अच्छे से निभाया मैं इनके सुखमय जीवन की कामना करता हूॅ।

उपायुक्त मोबिन अली ने कहा कि निगम का सबसे महत्वपूर्ण विभाग स्वास्थ्य विभाग होता है, जहॉ इन्होंने सेवा देकर अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन किये, मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ। बिदाई समारोह में आभार प्रदर्शन एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

// न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव //

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीषा तिवारी ध.प. स्व. मनीष तिवारी, निवासी-चिखली, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम-चिखली, प.ह.नं. 39 तहसील व जिला-राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर-218/8, रकबा 0.0140 हे. भूमि के ऑनलाईन अभिलेख मे आवेदक का नाम दर्ज किये का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 16/10/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 30/9/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनॉक - 30/9/2024
पेशी दिनॉक -16/10/2024

तहसीलदार
राजनांदगांव

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक
202410093700014
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका देवयानी पटेल ध.प. हर्ष पटेल, निवासी- एफ.सी.आई. गोदाम, रायपुर नाका, जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्र. 48 सी, भू.क्रं. 84/3, क्षेत्रफल 58.00 वर्गमीटर जो धारक नैनसी चौरसिया ध.प. राहुल चौरसिया निवासी-भरकापारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 23.10.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच राजनांदगांव

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/डी.एम.एफ./संविदा भर्ती/2024/5522 — राजनांदगांव दिनांक 04-10-2024

**-: वॉक-इन-इंटरव्यू सूचना :-**

राजनांदगांव जिले अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद (District Mineral Fund-DMF) 2024-25 में स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा भर्ती वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जावेगा। इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव** (गुरूद्वारा के सामने) में आमंत्रित किया जाता है।

पदों का विवरण व आवेदन जिले के वेबसाईट www.rajnandgaon.nic.in अथवा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं।

जी- 242503008/5

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 159526/निविदा सूचना क्र. 16/वलेलि/2024-25 — कवर्धा दिनांक 07.10.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 04.11.2024 17.30 तक लम्प-सम निविदा फार्म-एफ से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है -

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| | कबीरधाम जिले विकासखण्ड सहसपुर लौहारा के अंतर्गत जगमड़वा जलाशय योजना के मुख्य बांध 1070 गी. लंबाई में (अनुमानित) मिट्टी बांध का विजाईन, ड्राईम एवं निर्माण पेस्ट वियर लंबाई 110 मी. (अनुमानित) स्पील चैनल लंवाई 90 मरी (अनुमानित) के साथ निर्माण 02 नग रलूत्त सिंगल मेट 1100 एम.एम. डाया स्टील सिलेन्ड्रीकल पाईप 12 मी. लंबाई सहित दांगी तट नहर एवं बांयी तर नहर तक निर्माण, ग्राम एकलामा से भलपरी के माध्य पूर्व निर्मित पी. सब्बलयूडी बी.टी, सड़क का ऊच्चाई बढ़ाना एवं मजबूतीकरण, बांध स्थल में 01 नग कंट्रोल रूम का निर्माण, बंड लाईन में ड्रीलिंग के साथ मिट्टी स्ट्रेटा का अन्वेषण, खूबान क्षेत्र, बंड लाईन एवं स्पील चैनल के साथ वेस्ट वियर का भू-अर्जन प्रकरण तैयार करना एवं कम्पलायंस कराना एन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली से वनभूमि प्रकरण एवं पर्यावरण क्लीयरेन्स कराना और सभी प्रकार के अन्य संबंधित कार्य, बांध कार्य पूर्ण होने के पश्चात पांच वर्ष पर्षाऋतु तक पूरे कार्यो का संचालन एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 3944.90 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 14.10.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 242503013/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-6
578-0 268-6
राजधानी
3-5-7
250-7 578-0

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
ममा अऊ भांचा के मया... मोहित साहू कृत
चंदा मामा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार -दिलेश साहू, दिया वर्मा, मास्टर अंश, जीत शर्मा, अनिरूद्ध ताम्रकार, अंजनी ठाकुर, जागेश्वरी मेश्राम आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
04th OCT to 10th OCT 2024
silver SCREEN




Devara (Hindi) - 11:45am, 03:00, 06:15 and 09:30 pm
Stree 2 - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Joker Folie A Duex (English) - 06:00 & 09:00 pm
Last World War (Hindi) 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# लायंस गरबा उत्सव में पंचमी तिथि को बंगाली थीम ने गरबा के जमकर बिखेरे रंग




## गरबा प्रतियोगियों सहित गायत्री स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति, पुरस्कारों की बौछार

राजनांदगांव (दावा)। शारदेय नवरात्रि की पंचमी तिथि को लायंस इंटरनेशनल के गरबा उत्सव में बंगाली थीम का जमकर जलवा बिखरा। बंगाली परिधान में सजी-धजी युवतियों ने लाइव म्यूजिक के साथ पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन करते हुए सब का दिल जीत लिया वहीं गायत्री स्कूल के बच्चों ने भी गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन सिंह थे। लायन के गरबा उत्सव 2024 में अपने धर्मपत्नी श्रीमती पपीहा कौर के साथ उपस्थित हुए श्री सिंह जी ने इस भव्य आयोजन के लिए राजनांदगांव लायंस टीम को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, रायपुर से पधारी सुजाता अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, दिनेश जैन सहित प्रेस क्लब के संरक्षक अशोक पांडे, सचिव अनिल त्रिपाठी, कवि साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम कोशा अमात्य, सबेरा संकेत के सह-संपादक- ईश्वर साहू, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रमोद शेंडे आदि ने लायन अध्यक्ष तरणदीप सिंह अरोरा, बृजकिशोर सुरजन, राजा माखीजा, श्रीमती शारदा तिवारी सुशील पसारी, डॉ. गिरीश श्रीवास्तव कमल किशोर साहू, संतोष लोहिया, राजकुमार शर्मा आदि के साथ मां दुर्गा भवानी की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात धूमधाम के साथ प्रारंभ हुए रास गरबा उत्सव में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित गरबा प्रेमियों ने पैतरे बदल-बदलकर जमकर गरबा खेले और मातारानी के चरणों में श्रद्धा समर्पण के पुष्प अर्पित किए। रंग-बिरंगी लाइट से आंखों को चुंधिया देने वाली रौशनी के बीच संगीत सरिता के कलाकारों द्वारा की जा रही लाईव म्यूजिक की प्रस्तुति से चारों ओर उमंग और उल्लास का रंग बिखरा हुआ था। इस बीच गरबा प्रेमी अपनी मनोहारी नृत्यों की प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इस दौरान गरबा मंच में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, शर्मा बेकरी के आशीष शर्मा, भावना शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मनोज देवांगन, शुभम उपाध्याय, तुलसी गोतम, राधेश्याम आदि की भी उपस्थिति रही।

शारदीय नवरात्रि पंचमी को पूरी भव्यता के साथ खेले गए आकर्षक गरबा नृत्य में खूब भालों परफॉर्मेंस के लिए नीतु जी प्रथम व बेस्ट ड्रेस्ड में गोपी साहू व भावना सिंह रही। इसी तरह बेस्ट परफॉर्मर्स में रोहित कोचर व नेहा साहू ने रंग जमाया। फटाफट परफॉर्मेंस में सविता तिवारी व मस्ती परफॉर्मेंस में मिश्री, काव्या व टीमा सिन्हा रही, वहीं बेस्ट ड्युएल में मोहित, दुर्गेश, वर्षा तिवारी व खुशी ताम्रकार आगे रही। गरबा की शक्तिशाली परफॉर्मेंस में कालीबाड़ी ग्रुप को चयनित किया गया वहीं स्पेशल प्राइज के लिए मोनिका शर्मा व लवली परफॉर्मेंस के लिए लोकिता गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी विजेताओं को लायंस क्लब के पदाधिकारी व आगत अतिथि जनों के द्वारा गिफ्ट हेंपर देकर सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लायंस क्लब के मनोज अग्रहरि, नंद कुमार अग्रवाल, डी आर यादव, सुरेश शर्मा, विजय कोटड़ियां, रमेश गुप्ता, राजेश नागवानी आदि की उपस्थिति बनी रही।

# चाकू दिखाकर मोबाईल लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

## धारदार चाकू किया गया जब्त



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में चाकू दिखाकर झपटमारी करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू घटना स्थल से बरामद की है। बताया जाता है कि मोबाइल झपटमारी के आरोपी पूर्व में भी अलग-अलग मामले में कई बार जेल जा चुका है।

लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 5 अगस्त को अपनी गाडी 6 चक्का में सामान लेकर भिलाई से गुजरात जा रहे थे रास्ते में पेण्ड्री ढाबा के पास खाना खाने के लिए रूके। हेल्पर गाड़ी में लेटा हुआ था और प्रार्थी पीछे गाड़ी में खाना खा रहा था। उसी दौरान गाड़ी में दो व्यक्ति ताकझांक करने लगे। चोर-चोर चिल्लाने पर वह आवाज सुनकर अपनी गाडी के पास आया तो दोनो व्यक्ति ढाबा की ओर चला गया। प्रार्थी भी पीछे गया और ट्रक मे क्या कर रहे थे, पूछने पर दोनो व्यक्ति ढाबा से सब्जी प्याज काटने के चाकूनुमा धारदार हथियार को उठाकर उसके सिर व सीने के पास वार कर प्रार्थी का रियल मी कंपनी का मोबाईल को बलपूर्वक झपटकर छीनकर भाग गया, इस दौरान घटना में प्रयुक्त चाकूनुमा धारदार हथियार को ढाबा में ही फेंककर निकल गये। ढाबा वाले से पूछने पर चोट पहुंचाने वाले दोनों व्यक्ति का नाम जय नेताम एवं अन्य एक निवासी अटल आवास पेण्ड्री का रहने वाले बताये जो घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। उक्त रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 330/2024 धारा 118(1), 304(2), 3(5) कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सूचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को दी गई। उक्त कार्यवाही में सउनि शोभाराम बेरवंशी, आरक्षक राकेश ठावरे, कमल किशोर की भूमिका सराहनीय रही।

# सदस्यता अभियान से पार्टी और होगी मजबूत - संतोष पाडे सांसद



छुरिया (दावा)। भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में पहुंचे सांसद संतोष पांडे व सचिन सिंह बघेल, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

बैठक की शुरुवात अटल बिहारी बाजपेई जी तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस बैठक में मुख्यरूप से श्रीमती गीता साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा,एम. डी. ठाकुर उपाध्यक्ष प्रदेश अनु.जन. मोर्चा, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा, सुरेंदर सिंह भाटिया, जगजीत सिंह भाटिया, संजय सिन्हा महामंत्री, राधेश्याम शर्मा, आलोक श्रोती मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिले सहित सभी विधानसभावार मंडलों को भी एक निश्चित टारगेट दिया गया है, जिसे जल्द जल्द पूरा करने का भी आह्वान किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों, जिला, मंडल के पदाधिकारियों को भी अपना लक्ष्य पूरा कर पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकर्ता में अपना नाम शामिल करने की बात कही। अभियान को सफल बनाने से पार्टी और अधिक मजबूत होने की बात रखी। सचिन बघेल ने भी शक्तिकेंद्र के साथ बूथों के लक्ष्य को भी समय सीमा में पूर्ण कर सक्रिय सदस्य हेतु दिए गए लक्ष्य को भी पूरा करने का आव्हान किया। इस बैठक को रविंद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांति लाल साहू, धन्ना लाल यादव, मयाराम साहू, कांता साहू, धनेश्वर कोर्राम, नैनसिंह, श्रीमती सीमा सिन्हा, अध्यक्ष न.पं., छुरिया, संगीता यादव, किरण साहू, शेखर भरतद्वाज, शीशपाल साहू, हेतराम साहू, भूखन धनकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजनांदगांव जिले को मिली सड़कों की सौगात : लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने जताया आभार

राजेश मेश्राम





जोंधरा (दावा)। राजनांदगांव जिले में काफी लम्बे समय से आवागमन के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी वर्तमान में जिले में जो भी सड़के है वह बढते ट्रैफिक के हिसाब से पर्याप्त नही है। जिले में फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए जिले के सासंद संतोष पांडेय ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मांग रखी थी जो अंततः स्वीकार कर ली गयी और सीआरआईएफ योजना के तहत छत्तीगढ़ में सड़क निर्माण हेतु 892.96 करोड़ की राशि उनके द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जिसमें राजनांदगांव से मानपुर सड़क मार्ग भी शामिल है। डोंगरगांव नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने इन प्रयासों के लिए जिले के सासंद संतोष पांडेय को बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से आवागमन के साधनों का विस्तार होगा एवं आमजन को बेहतर सुविधा भी मिल पायेगी।

## डोंगरगढ एवं रायपुर के बीच मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा अब 13 अक्टूबर तक

डोंगरगढ (दावा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में नवरात्रि पर्व (दिनांक 03 से 12अक्टूबर तक) मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियों का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

डोंगरगढ एवं रायपुर के बीच एक मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा प्रदान की गयी है। रायपुर से 07 एवं 08 अक्टूबर तथा डोंगरगढ से यह गाड़ी 08 एवं 09 अक्टूबर को चलाने की घोषणा की गयी थी अब इन गाड़ियों की परिचालन दिनों में विस्तार किया गया है। गाडी क्र. 08766 दिनांक 12 अक्टूबर तक एवं गाडी क्र. 08767, 13 अक्टूबर तक चलेगी ताकि मेला अवधि में दर्शनार्थियों को रेल यातायात में सुविधा हो।

## सृजन युवा समिति के तत्वाधान में सेवा पंडाल लगाया गया



राजनांदगांव (दावा)। सृजन युवा समिति के तत्वाधान में मोहारा वार्ड नंबर 47 में सेवा पंडाल लगाकर सभी पदयात्रियों को बिस्किट व केला का वितरण में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सोमेश मानिकपुरी, उपाध्यक्ष दिलीप सोनकर, कोषाध्यक्ष सेवक यादव, सचिव अजय ध्रुव, आशीष निर्मलकर, विनय देवांगन व सदस्य गौतम निषाद, बीकू यादव, ओमप्रकाश यादव, भागवत निषाद, आत्माराम निषाद, रामचंद्र ध्रुव, कुशल निषाद, राजा ध्रुव, विक्की यादव, साहिल निषाद सहित कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नगर निगम द्वारा दुर्गा विसर्जन पर व्यापक व्यवस्था



## मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई करने आयुक्त ने दिये निर्देश

राजनांदगांव 8 अक्टूबर। नगर निगम द्वारा दुर्गा विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है तथा मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई करायी जा रही है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि दुर्गा विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके लिये कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके (मो.नं. 98271-18810) को नोडल अधिकारी तथा सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौपा गया है। शहर के सभी प्रतिमाओं की विसर्जन के लिये मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई कराने आयुक्त श्री गुप्ता ने नोडल अधिकारी श्री रामटेके को निर्देश दिये है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 11 व 12 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था,मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने दिनांक 11 अक्टूबर 2024 के लिये उप अभियंता श्री डाकेश्वर कर्ष (मो.नं. 83495-05814) को एवं दिनांक 12 अक्टूबर 2024 के लिये उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव (मो.नं. 99070-02411) को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा रानी सागर,सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने लेजाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जा रही है इन सबके लिये उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था एवं कंट्रोल रूम का दायित्व सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को एवं मुख्य चौक चौराहो में टैंकर उपलब्ध कराने मोटर प्रतिपालन प्रभारी, राजस्व उप निरीक्षक श्री सुरेन्द्र साव (मों. नं. 94255-64327) को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा (मो.नं. 93039-47901) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकडने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकडने आदि का दायित्व सौपा गया है। उपरोक्त सभी अधिकारी कर्मचारी सौपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वाहन करेंगे एवं उच्च अधिकारी को पालन प्रतिवेदन देगे।

# धर्म सेवा क्षेत्र में योगदान हेतु भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी को राजनांदगाँव रत्न

## माँ भगवती पर प्रवचन के साथ बागेश्वर धाम में किया जायेगा सम्मान



राजनांदगाँव (दावा)। संस्कारधानी में माँ बमलेश्वरी देवी संयुक्त सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में पदयात्रियों की सेवा अनवरत् रूप से दिन-रात की जा रही है। पदयात्री सेवा के साथ-साथ प्रतिदिन ढोल नगाड़ों के साथ पत्रकार बंधु, समाज सेवियों, धर्म सेवा संस्था के प्रमुखों, पदयात्रियों की उपस्थिति में संध्या महाआरती प्रतिदिन की जा रही है। महिलाओं बच्चों के लिए 1 दिन की धार्मिक विषयों पर व सामान्य ज्ञान पर प्रतियोगिता करवाई जा रही है । उक्त जानकारी देते हुए समिति के पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राकेश ठाकुर, निकुंज सिंघल, योगेश्वर साहू, सूरज गुप्ता ने बताया कि, उसके साथ ही सेवा व धर्म के क्षेत्र में अनवरत रूप से सेवा देने वाले, समाज सेवियों धर्म सेवी व्यक्तित्व को राजनांदगाँव रत्न से सम्मानित किया जाता है, पिछले नवरात्र में समाज सेवा छेत्र में डॉ डी सी जैन को प्रदाय किया गया था।

इस नवरात्र में आयोजन समिति के सेवकों व अध्यक्षद्वय संदेश जैन श्रीमती मधु खंडेलवाल व सभी की सर्वसम्मति से निर्णय लेकर इसमें धर्म सेवा के क्षेत्र में राजनांदगाँव रत्न का सम्मान दिया जा रहा है। जो कि भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी को दिया जा रहा है जो धर्मसेवा के क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति ओजस्वी वाणी से जन-जन तक मानवता व धर्म का संदेश प्रसारित कर अपना धार्मिक योगदान दे रहे है। 09 अक्टूबर को संध्या 5:30 बजे नवरात्र के पावन अवसर पर माँ भगवती की महिमा पर प्रवचन पं. विनोद गोस्वामी के श्रीमुख से किया जावेगा। तत्पश्चात् श्री बागेश्वर महादेव माँ बम्लेश्वरी दुर्गा माता की महाआरती के साथ-साथ राजनांदगाँव रत्न का सम्मान उन्हें, धर्म सेवा संस्थाओं, समाजों के प्रमुखों की उपस्थिति में आयोजन समिति द्वारा सम्मान प्रदाय किया जावेगा।

आयोजन समिति के संरक्षकगण डी सी जैन, श्रीमती शारदा तिवारी, कैलाश चंद गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, रामावतार जोशी, हरजीत सिंह भाटिया, पदाधिकारीगण राजेश शर्मा, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, मौसमी शर्मा, अमलेन्दू हाजरा, मधु अग्रवाल, शैलेन्द्र तिवारी, अजय गुप्ता, महेश शर्मा, मनीष यादव आदि के द्वारा संस्कारधानी के समस्त माता भक्तों, शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रवचन माँ भगवती की महिमा के प्रवचन व सम्मान समारोह में 5:30 बजे संध्या श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन हॉल में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# शुभ नवरात्रि स्पेशल डांडिया नाइट्स



राजनांदगांव (दावा)। शहर में स्थित प्रतिष्ठित विद्यालयों में से प्रथम बचपन प्ले स्कूल द्वारा माँ दुर्गा के नवरात्री पर्व के अवसर पर 'शुभ नवरात्री स्पेशल डांडिया नाइट्स' विथ बचपन की विशाल प्रतियोगिता दिन रविवार दिनाँक 6 अक्टुबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन शहर में स्थित 'दिल्ली पब्लिक स्कूल' प्रागंण में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों तथा पालकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसे - बेस्ट ड्रेस किड (प्री प्राइमरी) - 1' वाची जैन प्रथम, बेस्ट ड्रेस किड (प्राइमरी) - 1 प्रिशा ठावरे, बेस्ट कॉस्ट्यूम (गरबा गेट-अप) ( पेरेन्टस) - 1 रोशनी बग्गा, बेस्ट कॉस्ट्यूम (इडियन वेयर) - 15 कामिनी सोनी, बेस्ट गरबा डांस (प्री-प्राइमरी) - 1 रिशाक गुप्ता, बेस्ट गरबा डांस (प्राइमरी) - 1' दिव्यांका गुप्ता, बेस्ट गरबा डांस (पेरेन्टस) - 15 श्रीमती हिशिका माखीजा, बेस्ट गरबा डांस ( कपल)/ एस टी सौरभ ठावरे श्रीमती मंजूश्री ठावरे।

सर्वप्रथम संस्था के डायरेक्टर सुनील जैन, राकेश पारख एवं परिवार, टीकम सोनी एवं परिवार व प्राचार्या श्रीमती स्मृति द्विवेदी और निर्णायकों और हमारे वक्ता ललित ठक्कर एवं बचपन स्कूल के सभी पालकों ने सामूहिक रूप से माँ सरस्वती व माँ दुर्गा की तैलचित्रों का पूजन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् प्राचार्या ने पालकों व पाल्यों को संबोधित करते हुए नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएँ दी। इस रंगारंग गरबा उत्सव में रास गरबा खेलने वाले पालकों व छात्रों को उसके सर्वश्रेष्ठ गरबा प्रदर्शन पर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अंतिम चरण में सभी आंगुतकों ने मिलकर नृत्य किया जो सभी के लिए सराहनीय व आनंदमयी करने वाला व बहुत मनमोहक दृश्य था। कार्यक्रम के समापन की और ब्रढते हुए डांडिया प्रतियोगिता, इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता, व सभी प्रतियोगिताओ में जो प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सुनहरे उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रांगन की एच.ओ.डी. श्रीमती निधि दीक्षित व ज्योति शर्मा के द्वारा दी गई। उक्त जानकारी श्रीमती स्मृति झा ने दी।

# स्टेशन पारा में हर्षोल्लास से मनाई जा रही नवरात्रि, निकली चुनरी यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष शहर का दूसरा छोर स्टेशन पारा नवरात्रि के नौ दिनों में रोशनी से जगमग और माँ दुर्गा की भक्ति से सराबोर रहता है।

प्रतिवर्ष क्षेत्र में नवरात्रि उत्सव के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ता चला जा रहा है, जिसके चलते बीस से भी अधिक समितियों द्वारा माँ शक्ति के विभिन्न रूपों की नयनाभिराम, मनोहारी मूर्तियाँ स्थापित की जाती है। प्रतिदिन हजारों की सँख्या में शहर के अन्य क्षेत्रों से लोग दर्शन करने पहुँच रहें है। इसी क्रम में 60 वर्षो से भी अधिक पुरानी, सोलाखोली स्टेशन पारा स्थित मिलन शारदा उत्सव समिति एवं दुर्गावाहिनी मंच की महिलाओं के तत्वावधान में पंचमी के दिन छोटी बच्चियों को माता के विभिन्न रूप में श्रृंगार करके ढोल-बाजे के साथ पैदल चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसके अंतर्गत गौरीनगर माँ दुर्गा मंदिर से स्टेशनपारा ओव्हरब्रिज के अंतिम छोर तक बालस्वरूप माताओं द्वारा सभी देवी प्रतिमाओं को चुनरी भेंट की गई। उपरोक्त जानकारी समिति के आयोजनकर्ता संजू बघेल द्वारा प्रदान की गई।

# एबीस कंपनी ने कमला कॉलेज के साथ किया एमओयू



राजनांदगांव (दावा)। आज आई.बी.ग्रुप के आर.के. नगर स्थित एबीस कंपनी के सिटी कार्यालय में शास.कमला देवी महिला कॉलेज के प्रिंसीपल आलोक मिश्रा, बी.के.सोनबर सायकोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी. कु. नीलम राम केमेस्ट्री विभाग के एच.ओ.डी. के साथ एबीस कंपनी के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के मध्य 2 वर्ष के लिये एमओयू हुआ।

इस अवसर पर डॉ. रूबीना अल्वी, पूर्व प्रोफेसर रसायन शास्त्र, शास. कमला देवी महाविद्यालय भी उपस्थित थी। इस एमओयू से महाविद्यालय की छात्रायें एबीस कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, संयुक्त रूप से विभिन्न सेमीनार एवं कॉन्फ्रेस का आयोजन, आधुनिक लैब, सयंत्र, पोल्ट्री, डेयरी आदि का समय-समय पर अवलोकन एवं अध्ययन कर सकेगी, साथ ही भविष्य में निकलने वाले रोजगार अवसर का भी लाभ उठा पायेगी।

## नवनीत कौर व गीता वाधवानी की पदोन्नति



बालोद (दावा)। दिनांक 04 अक्टूबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत एवं स्थानांतरित हुए अधिकारियों को आज दिनांक 08 अक्टूबर को पुलिस कार्यालय बालोद में श्रीमान पुलिस अधीक्षक एस.आर भगत व अति. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के द्वारा पदोन्नत हुए अधिकारीयों सुश्री नवनीत कौर एवं श्रीमती गीता वाधवानी को कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर बेहतर कार्य करने हेतु बधाई दी गई। इस मौके पर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं ऑफिस स्टाफ तथा परिजनों के द्वारा उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते पदोन्नती एवं नवीन जिला पदस्थापना हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनीफास एक्का, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडे, यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर एवं समस्त ऑफिस स्टॉफ उपस्थित रहें।

## अनमोल दावा

**कल चाहे हारे थे, आज नई शुरुआत करो, नया सूरज है नया उम्मीद है, हर पल में जीत का नया इरादा करो।**

# लेबनान को सबक सिखाने वाली घटना, भारत को भी सावधान हो जाना चाहिए

भारत को निर्माण परियोजनाओं में विदेशी कंपनियों की भागीदारी को सीमित करना चाहिए और निर्माण के चरण में ही एंटी-स्पाइंग की जानी चाहिए। 2018 में चीनी सरकार पर अफ्रीकी संघ मुख्यालय के अंदर जासूसी करने का आरोप लगा था जिसमें सुनने वाले उपकरणों का उपयोग किया गया था। ये हर रात डाटा को शंघाई भेजते थे। चीनी कंपनियों ने अफ्रीकी देशों में 186 सरकारी इमारतों का निर्माण किया था।कुछ दिनों पहले लेबनान में विस्फोटों की दो घटनाएं हुईं। ये कोई बड़े विस्फोट या हवाई हमले नहीं थे, बल्कि बहुत छोटे थे, लेकिन सैन्य तकनीक की एक नई छलांग थे। उन दो दिनों में हजारों चिह्नित पेजर और फिर वाकी-टाकी फट गए, जिससे 37 लोग मारे गए और कम से कम 3,000 घायल हो गए। कई विस्फोटों में यूजर को आंखें गंवानी पड़ीं।

आम धारणा यह है कि ये विस्फोट इजरायल द्वारा आतंकी समूह हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए गए। सवाल यह है कि इजरायली खुफिया एजेंसी पेजर को हैक करने में कैसे कामयाब रही? उसने हंगरी में एक नकली कंपनी बनाई, जिसने ताइवान के एक पेजर निर्माता का उपयोग करके लेबनान में पेजर की आपूर्ति की।

हिजबुल्ला द्वारा आर्डर किए गए इन पेजर में महज 3-5 ग्राम विस्फोटक लगाया गया था। वे कई महीनों तक सामान्य रूप से काम करते रहे, लेकिन जब इन पेजर को एक विशेष संदेश भेजा गया तो वे फट गए। इस घटना ने सारी दुनिया को चकित कर दिया, लेकिन इससे केवल चकित ही नहीं, सतर्क भी होना चाहिए-भारत को तो विशेष रूप से।यह पहली बार नहीं है कि किसी देश ने जासूसी करने के लिए हार्डवेयर को हैक किया हो। चीनी सरकार के लिए जासूसी करने के संदेह में वहां की दिग्गज कंपनी हुआवे को कई देशों ने प्रतिबंधित कर दिया है। 2020 में अमेरिकी सरकार ने देश भर में मोबाइल टावरों से 24,000 से अधिक मेड-इन-चाइना संचार उपकरणों को हटाने का आदेश दिया था, क्योंकि उसे संदेह था कि चीनी सेना अमेरिकी सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों की गुप्त निगरानी करने के लिए ऊंचाइयों पर स्थापित इन उपकरणों का उपयोग कर सकती है। यह स्थिति भारत के लिए भी चेतावनी है। हम एक प्रमुख आर्थिक और सैन्य शक्ति है और ऐसे कई विरोधी हैं, जो हमारी सरकारी एजेंसियों, मीडिया और लोगों को नियंत्रित करने और यहां तक कि आर्थिक हेरफेर करने के लिए गहरे षड्यंत्र रच सकते हैं। इस बढ़ते खतरे से देश की रक्षा के लिए हमें क्या करना चाहिए?सबसे पहले हमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कई हार्डवेयर परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना करनी चाहिए, विशेष रूप से उन उपकरणों के लिए, जो विदेशी एजेंसियों से आ रहे हैं। हमें प्रत्येक राज्य में उच्च तकनीकी हार्डवेयर निगरानी परीक्षण प्रयोगशालाओं का निर्माण करना चाहिए, जहां नागरिक अपने उपकरणों की जांच करा सकें।सरकार द्वारा उपयोग किए जा रहे हार्डवेयर की ऑडिटिंग को भी अनिवार्य किया जाए। ऐसी अत्याधुनिक हार्डवेयर परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए एक अच्छा स्थान राज्यों की राजधानी में कोई विश्वविद्यालय भी हो सकता है। इस विषय पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। कितने लोग जानते हैं कि आपका फोन वास्तव में आपकी बात सुन रहा है, भले ही वह इस्तेमाल में न हो।

अब तो आप अपने नए फोन की बैटरी भी नहीं निकाल सकते और इसलिए हम किसी फोन के हार्डवेयर को आफ मोड में भी आसपास की बात सुनने से नहीं रोक सकते। अक्सर कई एप्स ऐसी गुप्त सुनवाई और सर्च हिस्ट्री का उपयोग करके आपको विज्ञापन दिखाते हैं। घरों और कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले हार्डवेयर, जैसे सुरक्षा कैमरे उसके डाटा को ऐसे सर्वरों में स्टोर करते हैं, जो भारत में स्थित नहीं हैं। ऐसे हार्डवेयर उपकरण, जो अक्सर सस्ते होते हैं और चीन में बने होते हैं, विदेशी नागरिकों का डाटा लीक करने की आशंका बढ़ाते हैं।भारत को निर्माण परियोजनाओं में विदेशी कंपनियों की भागीदारी को सीमित करना चाहिए और निर्माण के चरण में ही एंटी-स्पाइंग की जानी चाहिए। 2018 में चीनी सरकार पर अफ्रीकी संघ मुख्यालय के अंदर जासूसी करने का आरोप लगा था, जिसमें सुनने वाले उपकरणों का उपयोग किया गया था।ये हर रात डाटा को शंघाई भेजते थे। चीनी कंपनियों ने अफ्रीकी देशों में 186 सरकारी इमारतों का निर्माण किया था और ऐसी आशंका है कि इन जासूसी उपकरणों को निर्माण के समय ही स्थापित किया गया था, जिससे यह पता लगाना और भी कठिन हो गया कि ऐसे हार्डवेयर को गुप्त रूप से कहां स्थापित किया गया है।ऐसी इमारतें मुख्य लक्षित क्षेत्र थीं, जो प्रमुख सैन्य और सरकारी स्थानों के निकट स्थित थीं। हमारी सरकार को स्वदेशी डिजिटल उपकरणों के निर्माण को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना होगा। यह केवल उन उपकरणों के पुर्जों को अन्य हिस्सों से मंगवाकर असेंबल करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पुर्जों को खुद बनाना होगा। हमें यह याद रखना चाहिए कि गुप्त निगरानी उन उपकरणों से भी हो सकती है, जो संचार के लिए नहीं बनाए गए हैं, जैसे टेलीविजन, म्यूजिक प्लेयर, प्रोजेक्टर और यहां तक कि कुछ कारें भी, जो इंटरनेट से जुड़ी होती हैं। उनमें जासूसी उपकरण होने का खतरा होता है। इसका मतलब है कि भारत को अपनी सेमीकंडक्टर योजना को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है।

# पत्रकारों की स्वतंत्रता को बल देती सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**- ललित गर्ग-**



सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान के अनुच्छेद-19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये जहां राहतकारी है, वही पत्रकारिता को अधिक निडर, निर्भीक एवं बेवाक तरीके से अपना धर्म को निभाने को प्रेरित करती है। असल में विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर आलोचनात्मक होने पर पत्रकार दमन का शिकार बने हैं। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेड़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के शिकार बने हैं।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में पत्रकार विभिन्न संकटों को झेलते हुए हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करते हैं। पत्रकार केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। पत्रकार देश की राजनीति, सरकारों और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की, उसने लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किये जाने की बात कहकर पत्रकारों को अधिक प्रखर, निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण होकर अपना धर्म निभाने का रास्ता साफ किया है। देखना है कि अदालत के इस फैसले का सरकारों एवं राजनीतिक दलों पर कितना असर होता है? अक्सर नेता, अधिकारी एवं मंत्री आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर वे अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दबाने एवं अपनी शर्तों पर पत्रकारिता कराने को बाध्य करते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी में देखने को मिली जब उन्होंने प्रेस वार्ता में एक महिला पत्रकार को बेहूदे तरीके से किसी पार्टी विशेष की पक्षधर होने का आरोप लगाया, इसी तरह अखिलेश यादव ने भी एक पत्रकार को भला-बूरा कहा। ये दृश्य समूचे देश ने देखें।यह एक स्वस्थ, आदर्श एवं जागरूक लोकतंत्र राष्ट्र के लिये अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करते हुए निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को बल देती रही है। लेकिन विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे राजनेता एवं सरकारें रह-रहकर पत्रकारों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आते। हम देश में आम जनमानस को भी इतना जागरूक एवं सतर्क नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। यही वजह है कि सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश में वह निर्भीक पत्रकार के बचाव में खड़े नजर नहीं आते। वे ध्यान नहीं रखते कि उनके हित से जुड़ा कुछ सच सत्ताधीश छुपाना चाहते हैं। गलत नीतियां एवं भ्रष्टाचार इसीलिये पनपता है। राजनेता सत्ता की सुविधा के लिये मनमाफिक प्रचार तो चाहते हैं, लेकिन अपने दागों, भ्रष्ट आचरण एवं गलत नीतियों से जुड़े सच को सात पर्दों में रखना चाहते हैं।



निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक पत्रकार एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। यही कारण है कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

पत्रकार कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच पत्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफ की गई आलोचना को सहजता से लेते थे। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक आजाद एवं जीवंत प्रेस के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है।' आज हर हाथ में पत्थर है। आज समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नजमी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नजमी, अभी लोगों ने अपने हाथों से पत्थर नहीं फेंके हैं।'' प्रेस ने समय-समय पर ऐसी स्थितियों के प्रति सावधान किया गया है, 'डर पत्थर से नहीं, डर उस हाथ से है जिसने पत्थर पकड़ रखा है।' महावीर, बुद्ध एवं गांधी का उदाहरण देते हुए बहुत सफाई के साथ प्रेस ने समाज को सजग किया है। प्रेस की आजादी का मुख्य रूप से यही मतलब है कि शासन की तरफ से इसमें कोई दखलंदाजी न हो, लेकिन संवैधानिक तौर पर और अन्य कानूनी प्रावधानों के जरिए भी प्रेस की आजादी की रक्षा जरूरी है। यही काम सुप्रीम कोर्ट ने किया है, जो पत्रकारों के सम्मुख उपस्थित विभिन्न झंझावातों एवं संकटों के बीच अपने प्रयासों के दीप जलाये रखने का आह्वान हैं। भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लहूलुहान करना और उसे जंजीरों में जकड़ने की कोशिशें करना विडम्बनापूर्ण है। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में कैसे भरेगी कलम उड़ान! यही सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता है, जिसे सत्ताधीशों को समझना होगा।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92 फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 282 : श्री राम, सीता और लक्ष्मण जी को वन की ओर ले जाने के लिए पहुंचा रथ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजप्रासाद के भीतर तो स्थिति और भी विचित्र है। राज्य की छोटी रानी ने दो वर मांगे और राज्य के महाराज उन्हें वे दोनों वर देना नहीं चाहते हैं। एक तरफ रघुकुल के राजाओं का अपने वचनों के पालन का उज्ज्वल कीर्ति से युक्त इतिहास रहा है और दूसरी ओर ज्येष्ठ राजकुमार राम हैं,जिनके आज्ञा मांगने के बाद भी महाराज दशरथ उन्हें जाने की अनुमति प्रदान नहीं कर रहे हैं। महाराज दशरथ के समक्ष एक ओर उनके वचन हैं तो दूसरी ओर उनके प्रिय पुत्र राम। जनता के मन में बसने वाले राम।

महाराज दशरथ प्रजापालक और न्यायप्रिय शासक हैं। पुत्र के प्रति वात्सल्य और अपार प्रेम की भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए महाराज दशरथ ने एक यशस्वी सम्राट होने का परिचय दिया। अंत में उन्होंने वह निर्णय लिया जो उनके जैसा राजा ही ले सकता है।उन्होंने अपने हृदय पर पाषाण रखते हुए डबडबाई आंखों और रुंधे हुए गले से बड़ी कठिनाई पूर्वक यह घोषणा की, ''उज्ज्वल कीर्ति रखने वाले सूर्यवंशी राजाओं का एक वंशज होने के नाते उनके महान जीवन आदर्शों का अनुसरण करते हुए मैं अयोध्या का प्रथम सेवक राजा दशरथ राज्य की एक नागरिक रानी की दोनों मांगों को स्वीकार करता हूं। मंत्री सुमंत इसका पालन सुनिश्चित करें।थोड़ी देर तक कक्ष में गहरी निस्तब्धता रही।

इसके पश्चात सुमंत ने कहा, ''जो आज्ञा राजन!'' मंत्री सुमंत ने संकेत किया। एक प्रहरी ने अनुमति लेकर भीतर प्रवेश किया।उसने जानकारी दी कि राजकुमार राम, देवी सीता और राजकुमार लक्ष्मण को वन की ओर ले जाने वाला रथ राजप्रासाद के द्वार पर तैयार है। सुमंत जी दूरदर्शी हैं। घटनाएं जिस तेजी से आगे बढ़ रही थीं, उन्हें देखते हुए सुमंत ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रथ पहले से ही तैयार करवा रखा था।वे ऐसा करने के इच्छुक नहीं थे लेकिन भारी हृदय से उन्हें यह कार्य करना पड़ा। यही कर्तव्य निष्ठा होती है, जहां व्यक्ति अनेक बार अपने मन का विपरीत कार्य करने को भी विवश होता है।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य - 202



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 201का हल



## सु-दोकू क्र. 202



नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सु-दोकू क्र.201का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### अनबन का कारण

बानी बोले- ''गजाधर!
यह फिल्मी खबर पढ़कर
मेरा मन न जाने
कितनी-कितनी तरह के विचारों में
खो रहा है।
आप भी सुनिए -
अभिनेत्री ऐश्वर्या राय
और अभिषेक बच्चन के बीच
चल रही अनबन की खबरों को लेकर
जया बच्चन का एक वीडियो
सोशल मीडिया में वायरल
हो रहा है।
उस वीडियो में जया बच्चन
और वह ऐश्वर्या बच्चन को
अच्छे रिश्ते के लिए
सलाह देती नजर आ रही है।
इसका क्या कारण है गजाधर! कि
पति-पत्नी में दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं?
बड़े उत्सुक हैं आज
आपकी बातें सुनने को हम।''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''बानी! इसका कारण है,
दोनों के अपने-अपने अहम्।''



-गिरीश बख्शी

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं।



**वृषभ**

आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।




**मिथुन**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे।



**कर्क**

आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे, उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे। आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।



**सिंह**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।



**कन्या**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। मेडिकल स्टोर वालो को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा।



**तुला**

आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी।



**वृश्चिक**

आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। व्यापार को बढाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा। मिल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।



**धनु**

आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ पुरानी बातें याद करतें हुए समय बितायेंगे।



**मकर**

आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा, लोग आपकी तारीफ़ करेंगे। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं, वो अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।



**कुंभ**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कार्यो से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे, बड़ो की राय बेहतर साबित होगी। सामाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज आपके परिवार में सौहार्द बना रहेगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगें।



**मीन**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपके जरूरी कार्य पूरे हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

## कविता

### आवाज...

उनींद अलसाई सी भोर
रहती नित प्रतीक्षारत
आंगन बुहारते
देखूँ मैं
भोर की किरण
मेरी किंचित इच्छा.....
सूरज पर रख तवे
सेंकती नित रोटियाँ
कि, जैसे-
मां का घर,
ननिहाल,
अब ससुराल,
रसोई ही मेरी दुनिया।
आँगन के मुंडेर पर चहकती
चिड़ियों का कलरव
सुन पाती हूँ
खिड़कियों के रास्ते..
नन्ही चिड़िया को
दाना चुगाती माँ.....
कि
तेज होती जाती रोटियाँ बेलने है?
सेंकने की गति
हाथ अविराम
ना यति....
हाथों के फफोले का जलन
महसूस होता जब

इनके जीन्स
सासू माँ की चादर
बच्चों के कपड़े धोते...
उड़ चलीं
छत पर वे चिड़ियाँ नही है अब
गीत गाती चहकतीं स्वछंद
जिनके लिए
नित रख आती
सकोरे में दाना पानी....
जब मैं कपड़े सुखाने जाती
निहारती उन्हें कि दिख जाए वे......
कि
आवाज आती
अरी ओ महारानी!
मेरा खाना
तो निकाल
दवाई भी तो लेनी



रोशन साहू ''मोखला''
राजनांदगाँव


आदर्श सरस्वती उत्सव समिति घुमका


गौरा चौरा समिति घुमका


जय भवानी युवा सरस्वती उत्सव समिति हलर चौक ग्राम डिलापहरी


नवीन दुर्गा उत्सव समिति चंडी चौक घुमका


श्री राम मंडल अवंती चौक घुमका


माँ चन्डी नवयुवक मंडल गठुला

# पहला कॉलम...

## किसान कांग्रेस ने तुमडीबोड़ में किया भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत



डोंगरगांव (दावा)। मां बम्लेश्वरी के दर्शन पूजन के लिए डोंगरगढ़ प्रवास पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज दोपहर 2 ग्राम तुमडीबोड़ में किसान कांग्रेस ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से क्षेत्र का हाल-चाल पूछा और इस दौरान ग्रामीणों ने अत्यधिक बिजली कटौती के साथ बिजली बिल के दरों में वृद्धि से हो रही समस्या की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से खेती किसानी को लेकर चर्चा की और किसानों का हाल-चाल जाना, इस दौरान जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन लाल साहू के साथ के साथ खुज्जी विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू, केशवदास साहू, हेमंत साहू, उमेंद साहू, वासुदेव साहू (एएसयूआई), रूपराम साहू, जीवधन वर्मा, लक्की वर्मा, मुकेश साहू, राजू निषाद, हरिचंद साहु, निक्की निषाद, भुवाल निषाद, गिरधर साहू, पिंकी ठाकुर जिज्ञासा ठाकुर, खिलेश्वरी वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम घुमका में आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में



राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका के सतनाम भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आवास मेला में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को चाबी, स्वीकृति पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही मॉडल आवास का प्रदर्शन एवं आवास ले-आउट के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर हितग्राहियों को गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन भी करवाया गया। आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में दानी राम साहू, जोहन वर्मा, आशाराम वर्मा को चाबी वितरण, गृह प्रवेश एवं आवास पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मेघिन साहू, बसंती निषाद, राजकुमार वर्मा के नवीन स्वीकृति आवास हेतु भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अछोली दुर्गा पंडाल में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 10 को

डोंगरगढ़ (दावा)। जय मां दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 10 अक्टूबर दिन गुरुवार सप्तमी को रात्रि 7 बजे से रमन चौक पुराना अछोली दुर्गा पंडाल में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 3501 रुपए द्वितीय पुरस्कार 2101 रुपए तृतीपुर पुरस्कार 1501 रुपए एवं एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है, वही प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क 400 300 एवं 200 रखा गया है इसमें आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतिभागी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेनी हेतु अपील किया गया है।

## ग्राम भटगुना से रुदगाव तक सड़क निर्माण की मांग

खुज्जी (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भटगुना के बघमार के लोगों ने भटगुना से रुदगांव जिसकी दूरी तीन किलोमीटर है जहां पहुँचने के लिए जीर्णशीर्ण कच्चे मार्ग से होकर जाना पड़ता है। बारिस के दिनों मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिला कलेक्टर को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर मांग की है। उन्होंने बताया है कि ग्राम भटगुना से रुदगांव तक कच्चा मार्ग है, जो काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में है जिसमें प्रतिदिन बीस पच्चीस गांव के ग्रामीणों का उपयोग अपने गंतव्य पहुंचने के लिए उक्त मार्ग किया जाता है। उन्होंने अपने आवेदन में उक्त मार्ग को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण की मांग शासन प्रशासन से की है। सरपंच चेतनदास साहू ने बताया कि भटगुना से रुदगांव जाने के लिए दूसरे तरफ से लगभग दस किलोमीटर पड़ता है, अगर ये सड़क बन जाती है तो तीन किलोमीटर का फासला रहेगा।

## श्रम यशस्वी पुरस्कार के लिए 10 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्था को स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार प्रदान किया जाता है। ऐसे श्रमिक या संस्था जिन्होंने श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य किया हो, वे 10 अक्टूबर तक श्रम विभाग की वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# ग्राम पंचायत कापा में आवास के अभाव में कला मंच बना आशियाना



(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम कापा जहां 200 घर है, जिनमें 80 से 85 घर ऐसे है जो अतिगरीबी रेखा में आते है इनके पास खेती के नाम पर या कहे कृषि भूमि के नाम पर मात्र आधा एकड़ या एक एकड़ के करीब ही जमीन है। सोचिए जिस किसान के घर में मात्र 50 डिसमिल या 1 एकड़ जमीन हो और उसमें अन्न का उत्पादन कर उसमें 5 से 7 सदस्यों का परिवार चलाना हो तो कैसे चला सकता है। क्या वो किसान अपने बच्चों को अच्छी से शिक्षा दीक्षा दे सकता है। क्या वो किसान परिवार इस स्थिति में रहकर पॉच दिन आराम कर ले तो क्या परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो पायेगी? क्या इस स्थिति में रहने वाला परिवार अपने रहने के लिए एक मकान बना सकता है? क्या इस तरह के परिवार के मुखिया का नाम गरीबी रेखा में नही आयेगा? जवाब सीधा सा है गरीबी रेखा में ही आयेगा पर विडम्बना ऐसी है कि ग्राम पंचायत कापा में सन 2010-11 में गरीबी रेखा का ये सर्वे किया गया है उसमें ऐसे 85 परिवारों को टोटल छोड़ दिया गया है।

सरपंच ने कहा आवास हेतु आवेदन और निवेदन सबको पर र्कावाही जीरो-ग्राम पंचायत कापा की सरपंच चैतीबाई जोशी ने प्रतिनिधि को बताया कि पीड़ित परिवारों का नाम गरीबी रेखा में जोड़ने और उनके नाम पर आवास के लिए राशि स्वीकृति प्रदान करने जिलाधीश, जिले के सासंद, विधायक सबको आवेदन देकर इन परिवारों के लिए आवास प्रदान करने की मांग कर चुकी हूँ पर आज पर्यन्त कोई कार्यवाही नही हुई है।

घर ही नही तो कला मंच बना आशियाना - ये कहानी है उस गरीब महिला कांति नेताम की जिनके पास कृषि के नाम पर मात्र 50 डिसमिल की भूमि है किसी तरह एक छोटे से कच्चे मकान में अपने पति के साथ रहकर जीवन निर्वहन करते रही पर बारिश के चलते चार साल पहले ही वह मकान डह गया। रहने का कोई ठिकाना ना देख ग्राम पंचायत की ओर से ग्राम में निर्मित कला मंच को ही उन्हें उनका अपना आशियाना के रूप में दिया गया। जहां रहकर ये परिवार आज गुजर-बसर कर रह है।

### अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम

ग्राम कापा में अनुसूचित जाति परिवार के करीब 60 घर है वही अनूसूचित जनजाति के लगभग 80 घर है। शेष घर सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग से आते है। इन सभी परिवारों में आय का जरिया मात्र उनकी खेती ही है।

### वर्षों से आवास के लिए लगा रहे गुहार पर फिर भी हताश

सोहन मारकण्डे, जामबाई बघेल, भरोसा राम, जमुना बाई, मनोज साहू, नीलकुमार, दउआ राम, अनुपा बाई, पालूराम, भागीरथी नारंग ये नाम ऐसे है जिन्हें आवास की नितांत आवश्यकता है। हर पंचवर्षीय में ये ग्रामीण नये सिरे से पंचायत में अपना आवेदन इस विश्वास से लगाते है कि इस वर्ष उन्हें प्रधानमंत्री आवास निश्चय ही मिलेगा पर हर बार गरीबी रेखा सर्वे सूची 2011 इनके रास्ते का रोड़ा बन जाता है।

> ग्राम पंचायत कापा में प्रधानमंत्री आवास की ग्रामीणों को बहुत ज्यादा जरूरत है इस ग्राम पचांयत में अति गरीब परिवार निवास करते है जिनकी खेती या कृषि भूमि ना के बराबर है पर गलत सर्वे सूची के कारण यहा के ग्रामीण हर बार आवास से वंचित हो जाते है इस हेतु उन्होंने जिलाधीश सहित जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौपा है कि गरीबी रेखा सर्वे फिर से करवायी जाये एवं वर्तमान में अन्य ग्राम पंचायतों की तरह यहा के गरीब परिवारों का भी प्रधानमंत्री आवास प्रदान की जावे।
>
> **सरपंच चैतीबाई जोशी ग्राम पंचायत कापा**

# प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में बैगलेस डे के लिए नया ड्रेस कोड



जोंधरा (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में प्रधानपाठक, शिक्षक व पालकों ने बैगलेस डे यानी शनिवार के लिए टी-शर्ट और लोअर उपलब्ध कराया है शनिवार को स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, उद्यमियों, विभिन्न विभागों में कार्यरत नौकरीपेशा व्यक्तियों को विद्यालय में बुलाया जाता है। उनसे बातचीत कर उनके कार्यों की जानकारी बच्चों को दिया जाता है। इससे उन्हें प्रेरणा मिलती है, इस नए कदम से बच्चों में स्कूल आने के प्रति रूचि जागृत होगी, बच्चे नई ड्रेस पाकर बहुत उत्साहित एवं रोमांचित अनुभव कर रहे हैं। शाला के प्रधानपाठक योगेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में शनिवार को बैगलेस डे व्यवस्था लागू है बिना बैग के स्कूल पहुंचने पर बच्चों के चेहरों की खुशी देखते ही बनती है। बैगलेस डे के दिन स्कूलों में शनिवार को प्रार्थना के बाद अलग-अलग समय में योग, व्यायाम, खेल, एक दूसरे से सीखना, टीम वर्क की भावना तथा सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां होती है। इस दिन पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूलों में व्यायाम, योग, खेल प्रतियोगिता, साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियां, मूल्य-शिक्षा, कला-शिक्षा आदि दी जाती है, जिससे बच्चों की सर्वांगीण विकास करने में मदद मिलती है।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

# नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत नोडल अधिकारी अरुण कुमार साहू द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशा मुक्ति जागरुकता अभियान में मुख्य अतिथि वक्ता मो. सरीफुद्धीन शेख़ सहायक प्रधान आरक्षक चिचोला, धर्मेन्द्र साहू प्रधान आरक्षक, विष्णु साहू आरक्षक उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता शेख द्वारा बताया गया कि नशा व्यक्तियों के घर, परिवार, समाज को खोखला करने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर देता है। उनका मुख्य उद्देश्य नशा के दुष्प्रभाव से जागृत करने तक नही बल्कि शुरुआत अपने परिवार को नशा मुक्त कर जनसमुदाय तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाना तथा महाविद्यालय छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम से सुरक्षा की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. बी आर चंद्रवंशी ने नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम व्याखायन के लिए अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रदर्शन किया गया। नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम में प्रो मनोहर बोकड़े, डॉ हेमलता गायकवाड, श्रीमति रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता, कविता यदु, रूपेश, हेमंत कवर, कामिनी वर्मा, प्रीति साहू तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश निर्मित शराब के साथ अंतर्राज्यीय शराब तस्कर धरे गए



डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़, आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन पर नवरात्रि पर्व में शराब तस्करों पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 07 अक्टू. को जरिये मोबाईल मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति ग्रे कलर के होंडा एक्टीवा क्रमांक सीजी-08-एवाय-1304 के सामने पैरदानी में 02 कपडे के थैला में म.प्र. ब्रांड का शराब लेकर लेकर देवरी (महा.) की ओर से बागनदी की ओर जा रही है। सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहों के रवाना होकर सूचना तस्दीक व नाकाबंदी करने बागनदी से आगे दीवानटोला मोड़ के पास एक ग्रे कलर के होंडा एक्टीवा को रोककर उसमें बैठे एक व्यक्ति के कब्जे में एक्टीवा के सामने पैरदानी के पास दो कपडे के बैग में म.प्र. निर्मित गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब 56 बाटल प्लास्टिक बाटल में भरी हुई प्रत्येक प्लास्टिक बाटल में 750 एमएल शराब भरी हुई सीलबंद, प्रत्येक पौवा में 750-750 एमएल भरा हुआ सीलबंद हालात में प्रत्येक बाटल की कीमत 545 रू. अंकित है। कुल शराब की मात्रा 42 बल्क लीटर कीमती 30,520 रूपये एवं ग्रे कलर के होण्डा एक्टीवा क्रमांक सीजी-08-एवाय-1304 पुरानी ईस्तेमाली कीमती लगभग 40,000 रू. कुल जुमला कीमती 70,520 रूपये को जप्त कर मौके पर देहाती नालसी लेकर आरोपी सन्नी पूर्ति पिता सुनील पूर्ति निवासी खैरागढ़ रोड फॉरेस्ट नाका के पास वार्ड नंबर 05 के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बागनदी स्टाफ व साइबर सेल राजनांदगांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ग्राम पंचायत बोईरडीह के सरपंच ने किया लाखों का फर्जीवाड़ा




**0 प्रेस वार्ता कर ग्रामीणों ने आरोप लगाया**
**0 भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवाओं और ग्रामवासियों को डराने के लिए सरंपच ने थाना में कराया एफआईआर**

छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईरडीह के सरपंच द्वारा शासकीय राशि में लाखों का गड़बड़ी का आरोप ग्रामीणों ने प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया। सरपंच के ऊपर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने 8 अक्टूबर को प्रेस वार्ता में बताया कि दिनांक 05 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बोईरडीह मे ग्राम सभा आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों की ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समय निर्धारित होने के बाद भी वार्ड पंचों ने अपनी उपस्थिती नहीं दी थी।

तत्पश्चात सचिव द्वारा सभी पंचों को पुनः दूरभाष के माध्यम से बुलाया गया। जहा कुल 16 वार्डो से 4-5 पंचों ने अपनी उपस्थिती दी। पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणों की अनुमति से ग्रामसभा प्रारंभ किया गया। सचिव द्वारा पंचायत के अजेंडा के बारे में बताया कि घर टैक्स की बात प्रारंभ की गई, वार्ड नं.- 09 के पंच शिवराम साहू द्वारा टैक्स वसूली की गई जहां कुल टैक्स वसूली की जानकारी वार्ड पंच द्वारा नहीं दिया जा सका जिसमें सरपंच ने भी अपना पलड़ा झाड़ दिया जिससे मकान टैक्स में राशि गबन का मामला स्पष्ट हुआ। ग्रामीण ने आवाज उठाया कि टैक्स वसूली के दौरान वार्ड पांच शिवराम साहू द्वारा ग्रामीणों को डराया जाता था कि अगर आप मकान टैक्स की राशि जमा नहीं करते है तो आपका राशन बंद कर दिया जाएगा एवं पंचायत के किसी भी कार्य में आपको मजदूरी नहीं दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने डर के कारण अपना मकान टैक्स को शिवराम साहू के पास जमा किया गया परंतु ग्रामसभा के दौरान पूछने पर हिसाब नहीं दिया जा सका। सचिव ने अन्य विषयों पर चर्चा किया अजेंडा समाप्त होने के बाद ग्रामीणों ने पिछले दो साल मे किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया जिसमें लोकसभा चुनाव में पंचायत द्वारा 57000 की राशि खर्च किया जाना पाया गया, जिसका हिसाब पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा नहीं बताया जा सका।

माह फरवरी 2024 के हुये विकसित भारत संकल्प यात्रा में पंचायत द्वारा 64700 रुपये की राशि खर्च करने का मामला सामने आया जिसके संबंध में भी पंचायत द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उसी प्रकार कैश बुक मिलान कार्य हेतु 3,23,824 रुपए की राशि व्यय किया गया है, जिसकी जानकारी भी नहीं दिया गया।

गली लाइट हेतु बिजली विभाग से बिजली कनैक्शन नहीं लिए जाने की बात सामने आई परंतु सिर्फ गली लाइट मरम्मत के नाम पर पंचायत द्वारा 1,75,000 रुपये खर्च किए जिसके बावजूद एक भी तार नहीं बदला जाना पाया गया और न ही किसी प्रकार कोई मरम्मत किया गया। गलियों के मुरमीकरण में पंचायत द्वारा पिछले दो सालों में 35,500 रुपये खर्च होना बताया गया परंतु ग्रामीणो ने पंचायत के किसी भी गली मे मुरमी नहीं बिछाने कि बात कही। तालाब मे पचरीकरण के नाम पर 200300 रुपए राशि खर्च किया गया। परंतु तालाब के सिर्फ 02 पचरी मे दीवाल घेरा कार्य कराया गया। जहां दीवाल आधा-अधूरा एवं 2,00300 रुपए की राशि खर्च करने के बाद भी छबाई तक नहीं किया जा सका है। वर्ष 2022-23 में नलजल मरम्मत के नाम पर 481688 रु. एवं वर्ष 2023-24 मे 321700 रु नलजल मरम्मत के नाम पर कुल 8,03388 (आठ लाख तीन हजार तीन सौ अठासी रु.)। ग्रामीणों ने कहा की मरम्मत हेतु लाखो रु. खर्च करने बाद भी आज वार्डवासी पीने के पानी के लिए तरस रहे है। सचिव द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत मे क्रय सामाग्री हेतु स्टॉक पंजी ही नहीं है और ना ही स्टॉक पंजी के बारे में किसी को जानकारी है। पंचायत के पदाधिकारीयों द्वारा पंचायत का स्टॉक पंजी गुम हो जाना बताया गया।

मजदूरी भुगतान की जानकारी लेने पर पाया गया कि कई मजदूरी भुगतान ऐसे भी है जो सीधे व्यक्तिगत खातो मे हस्तांतरित किए गये है जिसमे स्वयं वार्ड पंच तथा सरपंच, पंच के परिवार के सदस्यो के नाम शामिल है जहां 72500 रु व्यक्तिगत खातो मे हस्तांतरित किए गए है । 15 अगस्त 2023 मे 10000 एवं 26 जनवरी 2024 मे 15000 रु मिष्ठान क्रय हेतु कुल 25000 रु राशि का भुगतान पंचायत द्वारा किया गया जिसकी जानकारी किसी को नहीं होना पाया गया। पंचायत के 04 स्थानो पर सोखता गड्ढा निर्माण कि राशि पंचायत द्वारा 37875 रु किया गया जिसकी जानकारी भी पंचायत द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका।

कचरा ढुलाई कार्य मे पंचायत द्वारा 01 वर्ष मे 38700 रु राशि खर्च किया गया जिसकी जानकारी भी पंचायत द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका । पेंटिंग कार्य मे पंचायत द्वारा 01 वर्ष मे 27718 रु राशि खर्च किया गया जिसकी जानकारी भी पंचायत द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका। इसके अलावा अन्य कार्यो का जायजा लिया गया जहां पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा जवाब नहीं देते हुए धीरे धीरे ग्राम सभा छोड़ कर भागने लगे। पंचायत द्वारा अप्रैल 2024 से अब तक किसी भी प्रकार के बिल का भुगतान नहीं किया है जिसका जायजा लिया गया जहां कुल 449918 रु कि राशि का भुगतान शेष होना बताया गया जिसमे मजदूरी भुगतान भी शेष है।

ग्रामीणो ने कहा कि जब छोटे छोटे कार्यो के नाम पर पंचायत ने इतनी गढ़बड़ी कि है तो अन्य कार्यो मे कितनी राशि खर्च किया होगा जिसका जवाब आज पंचायत नहीं दे पा रहा है । ग्रामीणो ने उपरोक्त गढ़बढ़ियों कि जांच हेतु पंचायत से प्रस्ताव बनाने की बात कही इस दौरान पंचायत के सरपंच श्रीमति बेदेश्वरी साहू एवं अन्य वार्ड सदस्य ग्राम सभा समाप्त करने की बात कही जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं तत्काल प्रस्ताव बनाने की मांग किए जहां सचिव द्वारा 7 दिवस का समय मांगा गया है। ग्रामीणो ने कहा की अगर जांच हेतु 7 दिवस के भीतर प्रस्ताव बनाकर ग्रामीणों को जानकारी नही देने पर इसकी शिकायत कलेक्टर राजनांदगाँव से करने की बात कही गई।

## पहला कॉलम...

### चांदी हुई 900 रुपये सस्ती

नई दिल्ली। अक्टूबर के महीने की शुरुआत में लगातार सोने की कीमत में बढ़ोतरी हुई। जबकि, चांदी के रेट समान रहे। हालांकि, अब चांदी की कीमत में गिरावट देखने को मिली है। आज यानी 8 अक्टूबर 2024 को सोने के रेट स्थिर है लेकिन चांदी की कीमत में 900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम की गिरावट देखी गई है। आइए जानते हैं कि 8 अक्टूबर, मंगलवार को महानगर के अलावा अन्य शहरों में गोल्ड सिल्वर का रेट कितना है? आज यानी 8 अक्टूबर, मंगलवार को 24 कैरेट का शुद्ध सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी की कीमत में 900 रुपये प्रति किलोग्राम कम हुए हैं। चांदी के रेट 96,900 रुपये की जगह 96,000 रुपये प्रति किलोग्राम हैं।

### हरियाणा में भाजपा की वापसी से शेयर बाजार की गिरावट पर लगा ब्रेक

नई दिल्ली । जम्मू कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती के बीच शेयर बाजार में भी मंगलवार को हरियाली लौटी। चुनाव परिणामों में एक तरफ हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बननी तय हो गई, दूसरी तरफ शेयर बाजार में छह दिन की गिरावट के बाद प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 584.81 (0.72त्न) अंक बढ़कर 81,634.81 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 217.41 (0.88त्न) अंक मजबूत होकर 25,013.15 पर पहुंच गया। मंगलवार के कारोबारी सत्र के बाद पेटीएम के शेयरों ने 15.52त्न की बड़ी बढ़त हासिल की। पेटीएम की पैतृक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर 101.15 रुपये मजबूत होकर 753.00 रुपये के भाव पर बंद हुए। शेयर बाजार में मंगलवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे हेवीवेट शेयरों में खरीदारी से मजबूती लौटी। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर टॉप गेनर्स रहे। टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बाजज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर मंगलवार को सबसे अधिक गिरावट वाले स्टॉक रहे।

### जॉन हॉपफील्ड और जेफ्री हिंटन ने फिजिक्स में जीता नोबेल पुरस्कार

नई दिल्ली। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने 2024 के लिए फिजिक्स में नोबेल पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका के जॉन हॉपफील्ड और कनाडाई-ब्रिटेन जेफ्री हिंटन के नामों के घोषणा की है। दोनों वैज्ञानिकों ने मशीन लर्निंग के क्षेत्र में अपने अग्रणी काम के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार जीता है। जूरी ने मंगलवार (8 अक्टूबर) को कहा कि वैज्ञानिकों को ÷कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क के साथ मशीन सीखने को सक्षम बनाने वाली मूलभूत खोजों और आविष्कारों के लिए÷ सम्मानित किया गया है। आधिकारिक घोषणा में कहा गया है कि इस साल के भौतिकी के नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने उन तरीकों को विकसित करने के लिए भौतिकी उपकरणों का उपयोग किया है जो आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग का आधार बनते हैं। जॉन हॉपफील्ड ने एक सहयोगी मेमोरी बनाई जो डेटा में छवियों और अन्य पैटर्न को संग्रहीत और पुनर्निर्माण कर सकती है। वहीं जेफ्री हिंटन ने एक ऐसी विधि का आविष्कार किया जो डेटा में गुणों को स्वचालित रूप से ढूंढ सकती है, जिससे वह चित्रों में विशिष्ट तत्वों की पहचान कर सकती है। भौतिकी में नोबेल पुरस्कार 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (लगभग 8.3 करोड़) के नकद पुरस्कार के साथ दिया आता है, जो इसके निर्माता, स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत से वित्त पोषित होता है।

### कोलकाता के अस्पताल के 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के करीब पचास वरिष्ठ डॉक्टरों ने आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता जताते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है। एक बैठक में डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा का फैसला लिया।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के करीब पचास वरिष्ठ डॉक्टरों ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन डॉक्टरों ने यह कदम जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता जताने के लिए उठाया है। जूनियर डॉक्टर एक महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले में न्याय की मांग करते हुए अनशन पर हैं। स्वास्थ्य संकाय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन वरिष्ठ डॉक्टरो ने यह फैसला अस्पताल के विभिन्न विभागों के प्रमुखों की एक बैठक में लिया। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया, हमारे अस्पताल के सभी 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने आज की बैठक में सामूहिक रूप से इस्तीफे पर हस्ताक्षर करने का फैसला किया। यह कदम उन युवा डॉक्टरों के प्रति हमारी एकजुटता का प्रतीक है, जो एक जरूरी मुद्दे के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## सचिन तेंदुलकर ही नहीं लारा भी आएंगे रायपुर-शेन वॉटसन, जॉन्टी रॉड्स जैसे 6 टीमों के लिजेंड्स 26 नवंबर को पहुंचेंगे

रायपुर। बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (IML) दुनिया भर में धूम मचाने के लिए तैयार है, जिसमें छह क्रिकेट पावरहाउस-भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर एक रोमांचक टी-20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में एक साथ आएंगे। उद्घाटन संस्करण 17 नवंबर, 2024 से 8 दिसंबर, 2024 तक चलेगा। नवी मुंबई में डी.वाई. पाटिल स्टेडियम चार मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा।



### कब होगी टूर्नामेंट की शुरुआत?

टूर्नामेंट की शुरुआत 17 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक रोमांचक मुकाबले से होगी, जिसमें सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा आमने-सामने होंगे, जो उनके महान मुकाबलों की याद दिलाता है। दूसरे मैच में शेन वॉटसन की ऑस्ट्रेलिया का सामना जैक्स कैलिस की दक्षिण अफ्रीका से होगा, उसके बाद श्रीलंका और इयोन मोर्गन की इंग्लैंड के बीच एक और मुकाबला होगा। ब्रायन लारा और उनकी वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए मैदान पर लौटेगी, जो एक रोमांचक मुकाबला होने का वादा करता है।

### रायपुर में खेला जाएगा फाइनल

इसके बाद 21 नवंबर को लखनऊ (भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बीआरएसएबीवी) इकाना क्रिकेट स्टेडियम) में मुकाबला होगा, जहां भारत दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा।

लखनऊ में छह मैच होंगे, जिसके बाद लीग रायपुर (शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर) में स्थानांतरित हो जाएगी, जहां भारत 28 नवंबर को इंग्लैंड से भिड़ेगा। रायपुर में कुल आठ मैच होंगे, जिसमें सेमीफाइनल और फिर 8 दिसंबर को फाइनल शामिल है, जिसमें इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले चैंपियन का ताज पहनाया जाएगा।

### सचिन समेत कौन-कौन कप्तान?

प्रतिष्ठित खिलाड़ी, जिनका करियर शानदार रहा है, अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी करेंगे, जो अपने बेजोड़ अनुभव और प्रतिस्पर्धी भावना को टी-20 प्रारूप में लाएंगे। 18 एक्शन से भरपूर मैचों के साथ, आईएमएल दर्शकों को लुभाने का वादा करता है, जिसमें हाई-एनर्जी क्रिकेट के साथ पुरानी यादें भी शामिल होंगी। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में कप्तान इस प्रकार हैं- भारत- सचिन तेंदुलकर 2. वेस्टइंडीज- ब्रायन लारा 3. श्रीलंका- कुमार संगकारा 4. ऑस्ट्रेलिया- शेन वॉटसन 5. इंग्लैंड- इयोन मोर्गन 6. दक्षिण अफ्रीका- जैक्स कैलिस।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अजहरुद्दीन से जांच एजेंसी ने की पूछताछ

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन मंगलवार को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। न्यूज एजेंसी पीटीआई के आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में अजहरुद्दीन से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया।



सफेद कुर्ता-पायजामा पहने अजहरुद्दीन सुबह करीब 11 बजे हैदराबाद के फतेह मैदान रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी कानूनी टीम भी थी। 61 वर्षीय पूर्व सांसद को पहले तीन अक्तूबर को कार्यालय में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी और इसलिए उन्हें आठ अक्तूबर को बुलाया गया। यह जांच हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है, जिसमें ईडी ने पिछले साल नवंबर में तलाशी ली थी।

सूत्रों ने कहा था कि एचसीए अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान अजहरुद्दीन की भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है। पूर्व भारतीय कप्तान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, जिन्होंने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में असफलता हासिल की थी। पिछले साल तेलंगाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने के बाद, उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे और साजिश के तहत थे।

## माउंट धौलागिरी पर फिसलने से पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

काठमांडू। नेपाल की 7,000 मीटर की अधिक ऊंचाई वाले माउंट धौलागिरी में फिसलने से पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत हो गई। हेली एवरेस्ट के उपाध्यक्ष मिंगमा शेरपा के मुताबिक, इन पर्वतारोहियों ने शरद ऋतु के दौरान दुनिया की इस सातवीं सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई शुरू थी। मिंगमा खुद भी पर्वतारोही हैं और वह लापता पर्वतारोहियों के लिए शुरू किए गए खोज अभियान का हिस्सा थे।



मृतकों की पहचान अलेक्जेंडर दुशेयको, ओलेग क्रुग्लोव, व्लादिमीर चिस्तिकोव, मिखाइल नोसेंको और दिमित्री शापिलेवोई के रूप में हुई है। चोटी पर चढ़ते समय इन पर्वतारोहियों का सुबह छह बजे बेस कैंप से संपर्क टूट गया था। शेरपा ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि ये सभी पर्वतारोही एक ही रस्सी की मदद से 8,167 मीटर ऊंची चोटी की ओर जा रहे थे, तभी वे लापता हो गए। इसके बाद हेलिकॉप्टर ने उन्हें 7,700 मीटर की ऊंचाई पर मृत पाया।

नेपाल के पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने बताया कि खराब मौसम के चलते सोमवार को बचाव कार्य नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि एक अन्य रूसी पर्वतारोही को हेलिकॉप्टर के जरिए बेस कैंप से बचाया गया। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उंचाई वाले इलाके से इन मृतक पर्वतारोहियों को कब और कैसे नीचे लाया जाएगा। इस बीच, उत्तरी नेपाल के रसुवा और नुवाकोट जिलों की सीमा सूर्यकुंड इलाके में पोलैंड के एक यात्री सोंविस्का अग्निज्का (23 वर्षीय) की भी सोमवार की रात ट्रैकिंग के दौरान मौत हो गई।

## पाकिस्तान की पहली पारी 556 रन पर ऑलआउट, शफीक-मसूद के बाद सलमान ने भी जड़ा शतक

मुल्तान । पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मुल्तान में खेला जा रहा है। पाकिस्तान की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरे दिन आठ विकेट पर 500 से ज्यादा रन बना लिए हैं। फिलहाल शाहीन अफरीदी और अगा सलमान बल्लेबाजी कर रहे हैं। सलमान ने अर्धशतक जड़ा।



पाकिस्तान टीम को दूसरे दिन पहला और ओवरऑल पांचवां झटका नसीम शाह के रूप में लगा। उन्होंने 81 गेंद में 33 रन की पारी खेली। नसीम ने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए। उन्होंने शकील के साथ पांचवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी निभाई। नसीम के आउट होने के बाद मोहम्मद रिजवान खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। ब्राइडन कार्स ने नसीम को, जबकि जैक लीच ने रिजवान को आउट किया। इसके बाद अच्छी बल्लेबाजी कर सऊद शकील भी आउट हो गए। वह शतक से चूक गए। शकील ने 177 गेंद में आठ चौके की मदद से 82 रन की पारी खेली। इसके बाद आमिर जमाल सात रन बनाकर ब्राइडन कार्स का शिकार बने। इससे पहले शकील ने टेस्ट करियर का सातवां अर्धशतक लगाया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 328 रन बना लिए थे। अब्दुल्ला शफीक ने 184 गेंद में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 102 रन की पारी खेली थी। वहीं, कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद में 13 चौके और दो छक्के की मदद से 151 रन की पारी खेली थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 253 रन की साझेदारी हुई थी। सैम अयूब चार रन और बाबर आजम 30 रन बनाकर आउट हुए थे। इंग्लैंड की ओर से अब तक गस एटकिंसन और जैक लीच ने दो-दो विकेट लिए हैं। वहीं, क्रिस वोक्स और ब्राइडन कार्स को एक-एक विकेट मिला है।

## विराट कोहली के करीब पहुंचे सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव अब टी20 इंटरनेशनल में टीम इंडिया के कप्तान हैं। हालांकि इसके बाद भी उनका बल्लेबाजी करने का अंदाज बिल्कुल भी नहीं बदला है। वे उसी तरह से बेखौफ होकर बल्लेबाजी करते हैं। ग्वालियर में भले ही सूर्यकुमार यादव के बल्ले से बहुत बड़ी पारी नहीं आई, लेकिन उनका बल्लेबाजी करने का अंदाज वही रहा। शायद यही कारण है कि सूर्यकुमार यादव एक रिकॉर्ड में विराट कोहली के बिल्कुल करीब पहुंच गए हैं। अब सवाल ये है कि क्या सूर्या दिल्ली टी20 मैच में एक और बड़ी पारी खेल पाएंगे। दरअसल सूर्यकुमार यादव अब तक 72 टी20 इंटरनेशनल मैचों की 69 पारियों में 2461 रन बना चुके हैं। यानी उन्हें अपने 2500 रन पूरे करने के लिए यहां से केवल 39 रनों की जरूरत है। जो काम वे अगले मैच में कर सकते हैं, उनके लिए ये कोई बड़ा काम नहीं है। बात अगर विराट कोहली की करें तो वैसे तो वे टी20 इंटरनेशनल में चार हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं, लेकिन जब उन्होंने 2500 रन इस फॉर्मेट में पूरे किए थे, तब उन्होंने 73 मैच खेले थे।



## इजरायली सेना के बरसाए बम से मारा गया हिजबुल्लाह का शीर्ष कमांडर सुहैल हुसैनी

यरुशलम। इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लगातार जोरदार हमले कर रही है। सात अक्टूबर को हमास आतंकी हमले की बरसी पर इजरायल ने बेरूत में भीषण हमला कर हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। इजरायल की सेना ने कहा कि हमले में सुहैल हुसैनी मारा गया है जो आतंकवादी समूह के साजो-सामान, बजट और प्रबंधन की देखरेख के लिए जिम्मेदार था। अभी हिजबुल्लाह की तरफ से इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

इजरायल की सेना ने कहा कि हुसैनी ईरान से आधुनिक हथियारों की आपूर्ति करने और फिर हिजबुल्लाह की विभिन्न इकाइयों तक उनको पहुंचान में शामिल था। हुसैनी समूह की सैन्य परिषद का सदस्य था। इजरायल ने हाल के हफ्तों में किए हमलों में हिजबुल्लाह के शीर्ष नेता हसन नसरल्ला समेत कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है।

इजरायल ने पिछले सप्ताह दक्षिणी लेबनान में सीमित जमीनी आक्रमण भी शुरू किया था जो लगातार जारी है। इस बीच हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने अपने मृतक कमांडरों के स्थान पर नई नियुक्तियां कर दी हैं। उसने गाजा पट्टी में संघर्ष विराम होने तक इजरायल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन हमले करते रहने का संकल्प जताया है। यहां यह भी बता दें कि, अब तक किए गए हमलों में इजरायल ने हिजबुल्लाह को भारी नुकसान पहुंचाया है। इजरायली सेना की तरफ से यह भी कहा गया है कि वह जल्द ही लेबनान के दक्षिणी तट पर अभियान शुरू करेगी।

## दूसरे टी20 मैच के लिए दिल्ली पहुंची टीम इंडिया

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टी20 मैच 9 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहला मैच जीतकर सीरीज में आसानी से बढ़त बना ली थी। पहले मैच में भारतीय टीम के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया था। तब बांग्लादेश ने 128 रनों का टारगेट दिया, जिसे टीम इंडिया ने आसानी से हासिल कर लिया। अब टीम इंडिया दूसरा मैच जीतने के लिए देश की राजधानी दिल्ली पहुंच चुकी है।



बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय टीम ग्वालियर से दिल्ली जाती हुई दिख रही है। इसके बाद दिल्ली पहुंचने पर भारतीय टीम का ढोल नगाड़े से स्वागत हो रहा है। वीडियो में बस से होटल में जाते हुए संजू सैमसन, रिंकू सिंह, नितीश रेड्डी दिखाई देते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव फैंस को ढोल की थाप पर नाचते हुए दिखाई भी देते हैं। वीडियो में प्लेयर्स के कई मजेदार पल कैद हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच अभी तक कुल 15 टी20 इंटरनेशन मैच खेले गए हैं।

## प्रथम पेज का शेष

***केंद्रीय मंत्री गोयल से मिले सीएम साय ..***

आईटी और मल्टी-सेक्टर स्र्थ्र की स्थापना की मांग- मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में आईटी सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और राज्य के अन्य ग्रोथ हब्स में मल्टी-सेक्टर सेज स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा। इसके लिए जांजगीर और राजनांदगांव में 400 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ से कच्चे माल का निर्यात अन्य राज्यों में हो रहा है, जिसे रोकने और राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने इस परियोजना की व्यवहार्यता अध्ययन के साथ जल्द कार्यान्वयन की उम्मीद जताई।

केन्द्रीय मंत्री को नई औद्योगिक नीति 2024-29 की दी जानकारी- छत्तीसगढ़ सरकार ने ÷अमृतकाल÷ छत्तीसगढ़ विजन ञ्च 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई औद्योगिक नीति 2024-29 लागू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस नीति के बारे में जानकारी दी, जिसमें औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और आर्थिक समृद्धि को हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और स्थायी आर्थिक वातावरण में बदलना है। यह नीति राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर विकास की नई राह खोलेगी।

***महतारी सदन को मिली स्वीकृति...***

बजट से 4.50 लाख के अभिसरण से किया जाएगा। इस प्रकार 179 महतारी सदन हेतु 52 करोड़ 20 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। 0 सभी ग्राम पंचायतों में जायेगा बनाया - प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

***ताजमहल देख चौंके ..***

में उनकी पीढ़ी से जुड़े कई परिवार आज भी रहते हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू मंगलवार को सुबह आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुइज्जू का स्वागत किया। मुइज्जू का सुबह 8:55 से 9:55 बजे तक ताजमहल दौरा निर्धारित था। राष्ट्रपति के दौरे के कारण पर्यटकों की एंट्री अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। राष्ट्रपति के आगमन से आधे घंटे पहले सभी पर्यटकों को ताजमहल से बाहर निकाल दिया गया। इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी गेट पर टिकट विंडो भी बंद रही। ताजमहल का दौरा पूरा करने के बाद मुइज्जू सुबह 10:50 बजे आगरा एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना हो गए।

## दो बार की ओलंपिक चैंपियन सिंधू शुरुआती दौर में हारीं, मालविका प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची




नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में ही हार गईं। दूसरी ओर, भारत की एक अन्य खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया की 23वें नंबर की चीनी ताइपे की खिलाड़ी सुंग शुओ युन को हराकर महिला एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

सिंधू पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद इस टूर्नामेंट में शिरकत कर रही थीं। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू को कनाडा की मिशेले ली ने अंतिम 32 के मैच में 21-16, 21-10 से हराया। वहीं, फरवरी में अजरबैजान इंटरनेशनल जीतने वाली बंसोड ने चीनी ताइपे की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-19, 24-22 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना थाईलैंड की 2013 विश्व चैंपियन रेचानोक इंतानोन और चीन की 2022 विश्व चैंपियन वांग झि यि के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिला एकल के अन्य मैचों में आकर्षी कश्यप ने जर्मनी की वोन्ने ली को 21-19, 21-14 से मात दी।

## पीटी उषा ने 24 करोड़ की गड़बड़ी को गलत बताया- भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष बोलीं- रिलायंस डील को लेकर गलत जानकारी फैलाई गई

कैगस्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने आज कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के कैग रिपोर्ट में किए गए दावों का खंडन किया है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में पाया था कि भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन ने रिलायंस के साथ स्पॉन्सरशिप डील में 24 करोड़ रुपए का नुकसान उठाया है। डॉ. उषा ने इसके जवाब में मंगलवार को कहा कि भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन को कोई वित्तीय नुकसान नहीं हुआ है। उषा ने कहा, यह उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की एक चाल है। उन्होंने गलत जानकारी देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी।



कैग का आरोप क्या था? कैग ने भारतीय ओलिंपिक संघ और रिलायंस के बीच हुई स्पॉन्सरशिप डील पर सवाल उठाया था। 2022 में 6 इवेंट के लिए 35 करोड़ रुपए में डील हुई थी। बाद में चार और इवेंट डील में जोड़े गए, लेकिन इसके लिए कोई अतिरिक्त राशि भारतीय ओलिंपिक संघ को नहीं मिली। कैग का मानना है कि इसके लिए 24 करोड़ रुपए और भारतीय ओलिंपिक संघ को मिलने चाहिए थे। रिपोर्ट कहती है, 2022 में जब रिलायंस के साथ डील फाइनल हुई थी, तब इसमें दो विंटर ओलिंपिक और दो यूथ ओलिंपिक शामिल नहीं थे। तब भारतीय ओलिंपिक संघ ने 6 मेगा इवेंट्स के लिए 35 करोड़ रुपए में डील फाइनल की थी। यानी एक इवेंट के लिए करीब 6 करोड़ रुपए की रकम तय हुई थी। 2023 में चार और इवेंट्स के लिए डील एक्सटेंड हुई, लेकिन इसके लिए कोई अतिरिक्त रकम नहीं ली गई है। इनमें से हर एक के लिए 6-6 करोड़ रुपए और मिलने चाहिए थे। यानी 24 करोड़ रुपए और मिलने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारतीय ओलिंपिक संघ ने 59 की जगह 35 करोड़ रुपए ही लिए। भारतीय ओलिंपिक संघ को बदनाम करने का प्रयास भारतीय ओलिंपिक संघकी ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया।

डॉ. उषा ने कैग रिपोर्ट में सहदेव यादव के दावों का खंडन किया। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने भारतीय ओलिंपिक संघ कार्यकारी परिषद की जानकारी के बिना काम किया। उषा के अनुसार, ये दावे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और भारतीय ओलिंपिक संघ को बदनाम करने के लिए जानबूझकर किए गए प्रयास का हिस्सा हैं। सीईओ को डील की पूरी जानकारी दी गई उषा ने कहा कि रियायंस के साथ डील को फिर से तैयार करते समय उचित प्रक्रिया का पालन किया गया। डील का एग्रीमेंट खेल के लीडिंग वकीलों में से एक बेंगलुरु के एनके लॉ के नंदन कामथ की देखरेख में तैयार किया गया था। सीईओ को इस बारे में पूरी जानकारी दी गई।

# नायडू क्रिकेट एकेडमी : आरसीए ने भिलाई को 6 विकेट से हराया



अण्डर-14 वर्ष का मैच खेला गया ऐकेडमी हित देवांगन नाबाद 28 रन मैन ऑफ दी मैच घोषित किया

**राजनांदगांव (दावा)। कमला कॉलेज मैदान में पिच फूल टफ विकेट में मैच खेला गया। कप्तान हित देवांगन टास जीतकर पहला फिल्डिंग का निर्णय लिया। लोव स्कोरिंग मैच नायडू क्रिकेट एकेडमी ओपनिंग जोड़ी में जल्दी ऑउट हो गया था।**

विश्वदीप साहू 08 दिव्यांश बोल्ड किया। राजवीर सिंह 6 रन, 35 रन अतिरिक्त गया। भिलाई की पूरी टीम 17.3 बाल 75 रन बनाकर आल आउट हो गई। आर.सी.ए. की ओर से गेंदबाजी कर क्रमशः दिव्यांशु 2 विकेट, आयान खान 2 विकेट सायना खान 3 विकेट, आर.सी.ए. की शानदार फिल्डिंग समान भिलाई समान टीम 75 ऑल ओव्हर आर.सी.ए. की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए ओपनिंग जोड़ी में हित देवांगन और आयान शर्मा पहला विकेट जल्दी गिर गया क्रमशः आयान खान ने 09 रन, दिव्यांशु 04 रन, विश्वदीप साहू कैच ऑउट क्रमश- आयान खान 09 रन, दिव्यांशु 04 रन, 31 रन भिलाई की टीम अतिरिक्त रन दिये। मैच के अम्पायर रोहित और मयंक। ऑनलाईन स्कोरिंग आयान खान। समिति की ओर से शुभकामनाए व ऐकेडमी परिवार की ओर से ट्राफी दी गई। कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं जिला क्रिकेट संघ की ओर से अध्यक्ष श्रीमान सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़े, जीत की शुभकामनांए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

# देश को 25 ओलयम्पियन देने वाले बंगाल हॉकी का इतिहास समृद्धि से भरा हुआ- फ़िरोज़ अंसारी

राजनांदगांव (दावा)। हॉकी बंगाल की वार्षिक आमसभा और चुनाव 5 अक्टूबर, 2024 को होटल पियरलेस इन, कोलकाता में सम्पन्न हुई। हॉकी बंगाल के अध्यक्ष सुजीत बोस (मंत्री, अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार) चुने गये।इश्तियाक अली को फिर से हॉकी बंगाल का महासचिव चुना गया। दोनों ने सभा को विश्वास दिलाया कि कार्यकारिणी बोर्ड के सहयोग से वे सभी मिलकर बंगाल में हॉकी को उसके पुराने गौरवशाली दिनों में वापस ले आएंगे।

कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव और छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बंगाल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष स्वप्न (बाबुन) बनर्जी, जंहागिर खान चुनाव अधिकारी तथा हॉकी बंगाल से संबंधित जिलो के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद थे। हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव और छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बंगाल हॉकी की वार्षिक आम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, आमसभा में पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित होना मेरे लिए गौरव की बात है। बंगाल हॉकी का इतिहास न केवल बंगाल के खेल संस्कृति का अभिन्न अंग है, बल्कि पूरे भारतीय हॉकी के विकास में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




हॉकी बंगाल का चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न हुए

बंगाल हॉकी का सफर 20वीं सदी की शुरुआत से ही शुरू हो गया था, जब इस खेल ने ब्रिटिश भारत में अपनी पहचान बनानी शुरू की। 1900 के दशक में जब भारतीय हॉकी उभर रही थी, बंगाल ने इसमें अग्रणी भूमिका निभाई। यहाँ की टीमों ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और खेल भावना के साथ पूरे देश में ख्याति प्राप्त की। उस दौर में जब हॉकी एक औपनिवेशिक खेल के रूप में विकसित हो रही थी, बंगाल ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। बंगाल हॉकी संघ की स्थापना ने इस क्षेत्र में खेल के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान किया। इस संघ ने न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया, बल्कि नई पीढ़ी को हॉकी के प्रति आकर्षित करने का काम भी किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि 1928 में जब भारत ने अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता, तो बंगाल से भी खिलाड़ियों का योगदान था, जिन्होंने भारतीय टीम को मजबूती प्रदान की। आज बंगाल हॉकी में बदलाव के नए अवसर हैं। हमें उन मूल्यों को याद रखना चाहिए जिन्होंने इस खेल को इतना महान बनाया है। हॉकी में बंगाल ने हमेशा महान खिलाड़ियों को जन्म दिया है, जिसमें आर जे एलन, शौकत अली, जयपाल सिंह, केसव दत्त, लेस्ली क्लाउडियस, पी जानसन, जसवंत सिंह राजपूत, सी एस दुबे,सी एस गुरुंग,गुरबोक्स सिंह,जोगिंदर सिंह, इनाम उर रहमान, अशोक कुमार,डॉ. वैसे पेस, अजित सिंह,बीर बहादुर छेत्री, जैसे ओलयम्पियन आदि प्रमुख है। मुझे पूरा विश्वास है कि आज की पीढ़ी भी उसी इतिहास को आगे बढ़ाएगी। नवनियुक्त अध्यक्ष सुजीत बोस ने कहा कि भविष्य में हमें खेल के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने, नई प्रतिभाओं को तराशने और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में कार्य करना होगा। बंगाल की हॉकी टीमों ने हमेशा उत्कृष्टता का प्रतीक बने रहने की कोशिश की है, और हमें इस धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना होगा।

हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम हॉकी को और ऊंचाइयों तक ले जाएं, और बंगाल को फिर से भारतीय हॉकी का गौरव दिलाएं।

# संरक्षा के सजग प्रहरी को महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा से संबंधित कर्मचारियों में सजगता एवं संरक्षा के साथ कार्य करने के प्रति जागरूकता लाने हेतु लगातार संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसईए जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन आदि को समय-समय पर संगोष्ठी के माध्यम से शिक्षित किया जाता है ताकि संरक्षा नियमों की पूरी जानकारी अद्यतन रखने तथा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सतर्कता एवं सजगता के साथ कर सकें।

मंडल द्वारा समय-समय पर अपने नेटवर्क की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया जाता है और सभी रेलवे ट्रैक और सिग्नलिंग सिस्टम की गहन जांच की जाती है ताकि कोई भी तकनीकी खामी समय रहते ठीक की जा सके। सुरक्षा उपायों को सख्त किया जा रहा है और जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों, कर्मचारियों और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। साथ ही सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों को प्रोत्साहित भी किया जाता है इस कड़ी में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुश्री नीनु इटियेरा के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान दिनांक 04 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के 03 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा के द्वारा सम्मानित किया गया। संरक्षा कोटि के कर्मचारी को बिलासपुर में सम्मानित किए जाने के अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

नागपुर रेल मण्डल के सुनील हुसैन मेश्राम, ट्रैक मेंटेनर-ढ्ढढ्ढ / तारसा ने जब अपने कार्यस्थल डीटीएम.37 के तरफ जा रहे थे तो उन्होने तारसा-चाचेर के बीच किलोमीटर 1088/16.14 पर एक वेल्ड विफलता का पता चला। उन्होंने रेल के फ्लेंज में क्रैक देखा एवं लाइन की सुरक्षा करके इसकी त्वरित सूचना वहाँ कार्यरत मेट एवं सेक्शन अभियंता को दिया। जोगल प्लेट को खोलने पर एक बड़ा क्रैक पाया गया।

सुनील हुसैन मेश्राम के इस सूझबूझ के कारण वेल्ड विफलता की पहचान हुई जिससे एक संभावित रेल दुर्घटना को टाला जा सका। इस प्रकार सुनील हुसैन मेश्राम की सजगता एवं सतर्कता सेट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई। इसके अलावा नागपुर मंडल के किशोर डोंगरे लोको पायलट एवं अश्वमेघ खांडले, सहायक लोको पायलट दिनांक 10 सितम्बर को गाड़ी में कार्यरत थे। बोरतलाव-पनियाजोब के बीच बोरतलाव के एडवांस स्टार्टर सिग्नल पार करने के बाद ज्वाइंट लाइन पर किलोमीटर 943/08ए पर उन्होंने ट्रैक पर बारिश का पानी देखा। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ी कर लिया, जिसके कारण जल-भराव वाले क्षेत्र में गाड़ी जाने के कारण दुर्घटना होने से बच गई। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना टीएलसी को दी। ट्रेन को वापस बोरतलाव स्टेशन में बैक किया गया। इस तरह किशोर डोंगरे एवं अश्वमेघ खांडले के सूझबूझ के कारण रेलवे की संरक्षा सुनिश्चित हुई।

# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की साधारण सभा की बैठक संपन्न

मोहला (दावा)। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की साधारण सभा की बैठक कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिले के प्रमुख अधिकारी और सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। यह निर्णय क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि रक्त की आवश्यकता के समय बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। रेड क्रॉस मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था पर भी बैठक में गहन चर्चा की गई। इसके लिए डीएमएफ (जिला खनिज निधि) और साडा (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) से प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि मोबाइल यूनिट के लिए जरूरी स्टाफ और अन्य व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित किया जा सकें। बैठक में स्वास्थ्य शिविरों के महत्व पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने और सामुदायिक स्वास्थ्य के स्तर को सुधारने के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आवश्यक माना गया है। इसके लिए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा शिविरों के आयोजन की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान को और अधिक व्यापक बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को सोसाइटी से जोड़ने और समाज सेवा के कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोग रेडक्रॉस सोसाइटी से जुड़कर मानव सेवा के कार्यों में योगदान दें। बैठक में डॉ.एस.आर. मांडवी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीकांत दुबे सहायक आयुक्त, फत्तेराम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी, संजय जैन, डॉ. जी.के. जोशी, श्रीमती बिसन देवांगन, श्रीमती लता साहू, योगेश खंडेलवाल, लक्ष्मीकांत सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# हर गांव में यादव समाज द्वारा किया जाएगा गीता जयंती आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)। शहर से कुछ दूरी पर स्थित मुड़पार में यादव समाज के संयोजन में सिंगदई सर्किल यादव समाज का मासिक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष विशारद यादव ने कहा आने वाले दिनों में सगाई का रस्म व शादी-विवाह का कार्यक्रम चालू हो जाएगा। इसलिए समाज में योग्य युवक-युवती का परिचय कार्य समाज को दिया जाए जिसे हम अपना परिचय पत्रिका में शामिल कर सके और समाज के सभी लोगों को आदर्श विवाह के लिए प्रेरित किया।**




मुड़पार में यादव समाज के बैठक में लिया गया निर्णय

उपाध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि सभी पंच-सरपंचों का चुनाव तो हो गया है इसके बाद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी पदाधिकारी जन का चुनाव किया जाएगा इसके लिए सभी सामाजिक बंधु तैयार रहें। पवन यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में हर गांव में गीता जयंती मनाना है। इसके लिए तैयारी की जानी आवश्यक है। इस अवसर पर सचिव थनवर यादव द्वारा सभी नवनिर्वाचित पंच-सरपंच को शपथ ग्रहण दिलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे मोखला लालचंद यादव रानीतरई बसंत यादव सुरगी, संतोष यादव, मोहरा से गीता भगवान सिंह यादव खैरा से कुशल यादव और सभी ग्राम के पंच एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चिचोला चौकी प्रभारी के द्वारा बच्चे-बच्चियों को साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी

डोंगरगढ़ (दावा)। चिचोला चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर के द्वारा स्कूल कॉलेज में जाकर बच्चे बच्चियों को साइबर क्राइम और नव बिहान जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें साइबर सुरक्षा के तरीकों से अवगत कराया जाता है। कार्यक्रम में कुछ विषयों की जानकारी दी जाती है जैसे साइबर क्राइम क्या है। साइबर क्राइम के प्रकार (हैकिंग, फ़िशिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि) साइबर सुरक्षा के तरीके (पासवर्ड मैनेजमेंट, डेटा एनक्रिप्शन आदि) ऑनलाइन सुरक्षा के लिए टिप्स साइबर क्राइम की रिपोर्टिंग कैसे करें।



कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करना, लगातार पुलिस विभाग के द्वारा जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर क्राइम की जानकारी लगातार आमजन और स्कूली बच्चों को दी जा रही है इनका मुख्य उद्देश्य बढ़ते साइबर क्राइम को रोकना है। साइबर सुरक्षा के तरीकों से अवगत कराना चिचोला थाना प्रभारी के द्वारा लगातार स्कूल और कॉलेज के बच्चों को साइबर सुरक्षा के तरीकों से अवगत कराया जा रहा है जिससे किसी भी प्रकार से कोई भी ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने से बच सके। ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देना चिचोला थाना प्रभारी के द्वारा एसपी ऑफिस और थाने और चौकिया में लगातार ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायत आ रही है जिसको देखते हुए चिचोला थाना प्रभारी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन फ्रॉड से बचने की जानकारी दी जा रही है। साइबर क्राइम की रोकथाम करना चिचोला थाना प्रभारी के द्वारा लगातार स्कूल और कॉलेज में कैंपियन लगाकर साइबर क्राइम को रोकने के लिए अपने मोबाइल कंप्यूटर लैपटॉप बैंक की जानकारी बैंक के पासवर्ड अपने खातों की जानकारी को केवल अपने तक ही सीमित रखना और पासवर्ड को एक जैसा नहीं रखने की सलाह साथ ही किसी भी प्रकार से आपके मोबाइल में कॉल आने पर पहले आपको कॉल करने वाले का नाम पता और काम पूछना उसके बाद अपने घर में अपने माता-पिता को आने वाले फ्राड कॉल की जानकारी देना आवश्यक है यदि आपको लगता है कि कोई आपसे फ्रॉड करने की कोशिश कर रहा है साइबर क्राइम के माध्यम से तो तत्काल अपने क्षेत्र के करीबी थाने में जाकर लिखित शिकायत देना जरूरी है।

कार्यक्रम के लाभ के संबंध में चिचोला चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर के द्वारा बताया गया की लगातार फोन कॉल के माध्यम से साइबर क्राइम किए जा रहे हैं जिसकी शिकायत एसपी ऑफिस थाने और चौकिया में मिल रही है हमारा उद्देश्य साइबर क्राइम के नाम से स्कूलों कॉलेज और गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं।ऑनलाइन सुरक्षा में वृद्धि होती है साइबर क्राइम की रोकथाम में मदद मिलती है लोगों को अपने डेटा की सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाता है। यह जागरूकता कार्यक्रम निश्चित रूप से साइबर क्राइम को रोकने में मदद करेगा और लोगों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक करेगा।

# कृषि वैज्ञानिक दल ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र की तिलहन फसल प्रदर्शन का निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगाँव द्वारा कुलपति इंदिरा गाँधी कृषि वि.वि. रायपुर डॉ. गिरीश चंदेल एवं जोनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर अटारी जबलपुर डॉ. एसआर के सिंह के सफल संरक्षण व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टूटेजा के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा के मार्गदर्शन में तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों एवं उन्नत फसल उत्पादन तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं आदर्श तिलहन ग्राम परियोजना के तहत चयनित राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला एवं खैरागढ़ विकासखंड खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ग्राम मदराकुही में 300 एकड़ क्षेत्र में सोयाबीन फसल प्रदर्शन लगाया गया है। फसल प्रदर्शन के निरीक्षण व अवलोकनार्थ निदेशक विस्तार सेवाएं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा तीन सदस्य सहित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर से एक वैज्ञानिक का निरीक्षण दल गठित किया गया था। निरीक्षण दल में इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से डॉ. डीपी पटेल, डॉ. मनोज चंद्राकर एवं डॉ. द्विवेदी प्रसाद व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर से डॉ. रंजीत सिंह थे। निरीक्षण दल द्वारा 5 अक्टूबर को प्रदर्शन सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं आदर्श तिलहन ग्राम परियोजना के तहत चयनित ग्राम मदराकुही विकासखंड खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) एवं ग्राम खपरीकला राजनांदगाँव में सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ग्राम मदराकुही में सोयाबीन फसल प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने कृषकों की विभिन्न समस्याओं को जाना व कृषको की आय मे वृद्धि हेतु तिलहन फसलों की नवीन किस्में, उन्नत कृषि तकनीक व यंत्रीकरण को अपनाने को अपनाने की सलाह दी, साथ ही साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मदराकुही परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आम की केसर किस्म के पौधों का वृक्षारोपण भी किया। निरीक्षण दल द्वारा कृषकों के प्रक्षेत्र में लगी सोयाबीन फसल प्रदर्शन की सराहना कर कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के वैज्ञानिकों बधाई दी गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे एवं प्रोजेक्ट नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. योगेन्द्र श्रीवास उपस्थित थे।

# शा. दिग्विजय कॉलेज में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ.मीना प्रसाद के संयोजकत्व में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी एवं चिंतक नारायण नामदेव, महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साव, समाजसेवी राधे श्याम शर्मा मंचस्थ थे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर सेवाभावी और असाधारण व्यक्तित्व की स्वामिनी थी। उन्होंने धर्म व संस्कृति के संरक्षण के लिए अनेकों कार्य किये। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए भी कई उल्लेखनीय कार्य किये। वह एक कुशल शासिका एवं विकास की सूत्रधार थी। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता को निरूपित किया। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा ने अपने उद्बोधन में कहा किए अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों में बीता मगर वह अपने कर्तव्य पथ से विचलित नहीं हुई। राजमाता का जीवन समस्त महिलाओं के लिए आदर्श एवं प्रेरक है। भारत के विभिन्न राज्यों में राजमाता अहिल्याबाई के नाम से चलाई जा रही अनेक सरकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया।

मुख्यवक्ता नारायण नामदेव ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं जो भारत जैसे महान राष्ट्र में जन्म लिया है। भारत एक सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र है। अहिल्याबाई ने महिलाओं की सेना तैयार की। उन्होंने आर्थिक उद्योग, तीर्थ यात्रा, लोक कल्याण, वस्त्र उद्योग इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किये। उन्होंने लगभग 300 मंदिरों का जीर्णोधार किया, वह न्याय की मूर्ति थी। वह एक महान शिव उपासक थी। उनका जीवन आत्म प्रशंसा से मुक्त था। उन्होंने भारतीय परंपराओं का आजीवन निर्वाह किया। इस अवसर पर नीरज वाजपेयी, दीपक सिन्हा, रविकांत यादव, प्रशांत सोनी, कुमारी शारदा चंद्रा एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर समिति के अन्य सदस्य, राजनांदगांव के गणमान्य नागरिक, महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.दिव्या देशपांडे ने किया। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर समिति की ओर से धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साय एवं महाविद्यालय की ओर धन्यवाद ज्ञापन डॉ.दिव्या देशपांडे ने किया।

## ग्राम अरसीटोला में आया अनूठा मामला

# ग्राम नियमों को नहीं मानने पर अंतिम क्रिया कर्म रोका, पुलिस हस्तक्षेप और लिखित सहमति के बाद हुआ अंतिम संस्कार

*(गोविन्द गुप्ता)*

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम अरसीटोला में ग्राम नियमों को नहीं मानने पर एक शव को गांव में अंतिम संस्कार करने से ग्रामीणों ने रोक दिया।



मिली जानकारी के अनुसार कोकपूर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम अरसीटोला निवासी मूलचंद धनकर उम्र 50 वर्ष की मृत्यु दिनांक 7 अक्टूबर सोमवार को स्वास्थ्यगत कारण से हो गई थी, ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के परिवार ने ग्राम में किसी को सूचना नहीं दी जबकि ग्राम में नवरात्रि के चलते देवी माता की प्रतिमा स्थापित की गई है और गांव के रीति नियम के अनुसार शोकाकुल परिवार को भी चलना पड़ेगा, गांव के ग्राम पटेल ने बताया कि उक्त परिवार के लोग अन्य धर्म को मानने लगे हैं और इससे पहले जब वे हिंदू रीति रिवाजों को मानते थे, तब गांव के नियमों का पालन करते थे। उसी प्रकार अन्य ग्रामीणों का भी कहना था कि हम शोकाकुल परिवार से सद्भावना रखते हैं और वे किसी भी धर्म को माने हमें कोई आपत्ति नहीं लेकिन मौत मिट्टी के कार्यक्रम को गांव के रीति नियम के अनुसार करना होगा। इसके पूर्व भी इस परिवार में महिला की मौत के बाद ग्राम के रीति रिवाजों का पालन नहीं किया गया था, जिसकी वजह से ग्राम में संकट आया था, वहीं शोकाकुल परिवार के परिजनों का भी कहना है जब वे हिन्दू रीति रिवाजों को मानते थे, तो मुंडन सहित अन्य नियमों को मानते थे, लेकिन अब वे ईसाई धर्म को मान रहे हैं, उसमें मुंडन होना अनिवार्य नहीं है।

इस मामले को लेकर ग्रामीण और मृतक परिजनों के बीच काफी देर तक वाद-विवाद की स्थिति बनी हुई थी और दूसरे दिवस मंगलवार को दोपहर तक अंतिम संस्कार रूका रहा। जिसके बाद डोंगरगांव पुलिस टीम का हस्तक्षेप हुआ और काफी समझाइश के बाद ग्रामीणों और मृतक परिवार के बीच समझौता का रास्ता निकला तथा दोनों पक्षों ने पुलिस को लिखित में गांव के रीति नियमों को मानते हुए कफन दफन का कार्यक्रम करने सहमति बनी।

बता दें कि ऐसा मामला केवल एक गांव का ही नहीं है, धर्मान्तरण के चलते क्षेत्र में बहुत से गांवों में ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। धर्मान्तरण समाज में जहर घोलने का काम कर रहा है और सभी रीति रिवाजों के ना मानने के लिए कुछ सामाजिक तत्व लगातार प्रयासरत हैं, जिस पर अंकुश लगाना आवश्यक है. अरसीटोला के ग्रामीणों ने इसका विरोध कर अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है, ऐसी स्थिति में क्षेत्र में लगातार हो रहे धर्मान्तरण की ओर जाने वाले परिवारों को गांव, समाज की अहमियत इन्हीं विपरीत परिस्थितियों में पता चलेगा।

# राज्यपाल रमेन डेका ने डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की

## प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की

राजनांदगांव (दावा)। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज डोंगरगढ़ पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



इस अवसर पर राज्यपाल के सुपुत्र स्वप्ननीलव डेका एवं परिजन भी उपस्थित थे। उन्होंने भी राज्यपाल के साथ माँ बम्लेश्वरी की आराधना की। राज्यपाल ने ज्योति कलश के दर्शन किए एवं हवन कुण्ड की पूजा की। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित काफी-टेबल बुक भेंट की। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस प्रशिक्षण गजेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सह सचिव बबलू शांडिल्य, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, ट्रस्ट के अन्य सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार हुए दुर्घटना के शिकार, दो की मौत



राजनांदगांव (दावा)। बालोद जिले की ओर से राजनांदगांव होते हुए मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जा रहे मोटर सायकल सवार पेण्ड्री के पास दुर्घटना के शिकार हो गए। इससे एक युवक व एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार रात तकरीबन 10:30 बजे की बताई जाती है।

बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात शहर में जी.ई. रोड स्थित भारत डाइग्नोसिस सेंटर विवेकानंद नगर के समीप उक्त तेज रफ्तार मोटर सायकल विद्युत पोल से टकरा गया। इससे वाहन में सवार युवक व युवती दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस की सहायता से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल-पेंडरी पहुंचाया गया। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायलों की सिर में चोट आने व अत्यधिक खून बह जाने के कारण कुछ ही देर में दोनों की मौत हो गई। युवक का नाम कुणाल जैन पिता कुशल चंद जैन (23 वर्ष) निवासी ग्राम बंजारी (बालोद) बताया जाता है वहीं युवती की पहचान योगिता सोनी पिता स्व. सुदर्शन सोनी (18 वर्ष) निवासी बालोद के रूप में की गई है। बता दे कि छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में सुप्रसिद्ध माँ बम्लेश्वरी मंदिर है, जहाँ क्वांर नवरात्र में भक्तो का ताता लगा रहता है, दूर-दूर से लोग माता रानी के दर्शन के लिए पहुचते है, वही बालोद जिला से दो लोग अपनी पल्सर मोटर सायकल क्र. सीजी 04 एन वाय 9118 में सवार होकर बालोद से मां बम्लेश्वरी दर्शन हेतु डोंगरगढ़ के लिए निकले थे। राजनांदगांव में तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होकर, अपनी जान गवा बैठे।

बताया जाता है कि मृतक युवक कुणाल जैन के परिजनों ने कुछ समय पहले राजनांदगांव के नंदई में मकान लिया था। वे कभी-कभी यहां आकर रहा भी करते थे। वे राजनांदगांव में पूरी तरह न रहकर बालोद बंजारी में ही रह रहे थे। मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ जाते समय दुर्घटना का शिकार होकर दोनों काल-कवलित हो गए। पुलिस ने मृत युवक व युवती के शव को उनके परिजनों को बुला कर सौंप दिया है।

# पूर्व सीएम बघेल पहुंचे मां बम्लेश्वरी के दरबार, की पूजा-अर्चना

## छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की तरह हरियाणा चुनाव में 'ईवीएम' खुलते ही बीजेपी आगे हो गई - भूपेश बघेल

डोंगरगढ़ (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे माँ बम्लेश्वरी के दरबार, पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। हरियाणा चुनाव नतीजों पर श्री बघेल ने कहा कि ईवीएम खुलते ही बीजेपी आगे हो गई।



डोंगरगढ़ पहुंचे श्री बघेल का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने हरियाणा चुनाव के नतीजे को लेकर बड़ा बयान दिया। ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि यह अप्रत्याशित रिजल्ट निकल कर सामने आया है। ऐसा रिजल्ट कहीं नहीं दिख रहा था। सर्वे भी यह बता रहा था कि वहां बीजेपी नहीं जीत रही है। जब पोस्टल बैलट खुला तब कांग्रेस आगे चल रही थी। ईवीएम खुलते ही भाजपा आगे हो गई छत्तीसगढ़ में भी यही हुआ और एमपी में भी यही देखने को मिला।

### प्रदेश में नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर - भूपेश बघेल

नक्सलियों के खात्मे को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि, पूरे देश से ही नक्सलवाद अब समाप्ति की कगार पर है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ही कुछ राज्यों में थोड़े बहुत बचे हैं। हमारे शासनकाल में भी हमने अबूझमाड़ क्षेत्र से लगभग 600 गांव को खाली करवाया था। अबूझमाड़ एरिया जहां अभी बड़ा ऑपरेशन हुआ है। वहां इंद्रावती नदी पर दो पुल हमारे कार्यकाल में बना। इसके बाद वहां स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र पीडीएस सहित सभी योजनाएं क्षेत्रों तक पहुंची। आवागमन की सुविधा होने के कारण कारण ऑपरेशन करने में आसानी हुई है।

# सर्व मांगलिक भवन चिखली के मां शारदे की पूजा-भक्ति के साथ गरबा नृत्य में उमड़ रहे लोग





राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड नं 6 चिखली में स्थापित मां सरस्वती शारदे की पूजा-भक्ति के साथ सर्व मांगलिक भवन प्रांगण में भव्य रुप से गरबा की रंग बिखर रहा है। मां शारदा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रंगारंग गरबा उत्सव में आसपास के वार्ड शांतिनगर, शिवनगर, ढाबा, दीनदयाल चिखली के गरबा प्रेमी लोग बड़ी संख्या मे भाग ले रहे हैं।

इससे यहां गरबा के मैदान लाइव म्यूजिक के धुन में सैकड़ों लोग माता रानी की भक्ति के साथ रास गरबा में थिरकते नजर आ रहे हैं। वार्ड के पार्षद अरविंद वर्मा शारदा उत्सव समिति आदि के संयोजन में वार्ड में पहली बार हो रहे।

गरबा उत्सव को लोगों कि अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मां शारदे की रोजाना मुख्य अतिथि के हाथों पूजा अर्चना के पश्चात बाजे-गाजे और रंगीन रौशनियों के साथ जमकर खेले जा रहे जा रहे उत्सव की धूम बनी हुई है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि अब 30 अक्टूबर तक

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर 2024 से बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2024 तक कर दी गई है। इस अवधि के दौरान, छात्र विशेष विलम्ब शुल्क 1540 रूपए प्रति छात्र के साथ फॉर्म भर सकते हैं। समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वे इस समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन प्रविष्टि और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को पूर्ण करें। निर्धारित समय के पश्चात पोर्टल पुनः प्रारंभ नहीं किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री तोखन साहू पहुंचे माता के दरबार

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी दर्शन करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने मां बमलेश्वरी की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ की खुशियली की कामना की। माता के दरबार पहुंचे केंद्रीय मंत्री श्री साहू का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित जैन मंडल महामंत्री संतोष राव परविंदर सिंह, मोंटी प्रिंस कक्कड़, विजेंद्र सिंह ठाकुर, साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, गिरीश साहू, गुरविंदर सिंह भाटिया, मयंक डोंगरे, जसमीत सिंह, पप्पू नामदेव, जयंत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गणेश पंडालों में चढ़े फूलों से अगरबत्ती तैयार

राजनांदगांव (दावा)। गणेश पंडालो में चढ़े फूलों से अगरबत्ती तैयार की गई है जिसे मार्केट में लाया जा रहा है।



देवी-देवताओं में चढ़े आस्था के फूल अगरबत्ती के नाम से बिक्री की जा रही है जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा इसी को देखते हुए 500 गणेश पंडालों से एकत्रित फूल को सूखाकर अगरबत्ती बनाई गई है। इन दिनों दुर्गा, काली, सरस्वती पंडालों में चढ़े फूलों को एकत्रित हरियाली बहिनी द्वारा की जा रही है।

हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया हरियाली बहिनी अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयास के तहत् अविभाजित राजनांदगांव जिले में दुर्गा, काली, सरस्वती पंडालों से फूल एकत्रित कर अगरबत्ती रंग, गुलाल एवं अन्य उत्पाद के लिये उपयोग किया जायेगा इसके साथ ही दुर्गा, काली, सरस्वती समिति से निवेदन कर रहें हैं कि वे फूलों को नदियों, तालाबों में न बहाये इसे सुखाकर बर्फानी आश्रम, चवेली कार्यालय राजनांदगांव एवं बम्लेश्वरी महिला प्रोड्यूसर कंपनी फाफामार तथा हरियाली बहिनी के पास दिया जाय ताकि फूलों का सदूपयोग किया जा सके।

# रास गरबा उत्सव में गूंजी लकी तरार की आवाज, मां शक्ति की आराधना में जमकर नाचे युवा

## गुजराती थीम गरबा की विजेता रही पवित्रा उपाध्याय, जूनियर ग्रुप में सिद्धि साहू प्रथम

राजनांदगांव (दावा)। पदमश्री पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में हो रहे चार दिवसीय रास गरबा उत्सव में लकी तरार की आवाज ने धूम मचा दी गरबा के रंगारंग आयोजन में उनकी आवाज में युवा लगातार थिरकते रहे। सोमवार को गुजराती पैटर्न पर राज गरबा स्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें गुजराती थीम पर पवित्रा उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर ग्रुप में सिद्धि साहू विजेता रही। दोनों ही प्रतिभागियों को संस्था ने पुरस्कृत किया है।



श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रास गरबा उत्सव के तीसरे दिन गुजराती पैटर्न पर गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। गुजराती पैटर्न में हुए गरबा स्पर्धा में बडी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में पवित्रा उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर कैटेगरी में सिद्धि साहू विजेता रही, इसके अलावा ओवरऑल गरबा बेस्ट परफॉर्मेंस कैटेगरी में जया पटेल, सुप्रिया खोब्रागढे, दीपाली साहू, शारदा अग्रवाल, मुकेश शर्मा, श्रिंजय पटेल, दीपिका दवे को भी पुरस्कृत किया गया है।

मां आदिशक्ति की आराधना के पर्व पर आदि शक्ति थीम पर गरबा स्पर्धा आज आयोजित है, जिसमें केवल बालिका एवं महिलाएं शामिल होंगी। इस थीम में गरबा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। इस थीम के अंतर्गत भगवान के अलग-अलग वेशभूषा में प्रतिभागी दिखेंगे।

# 900 में मात्र 100 दुकान की रसीद काटी पालिका के राजस्व विभाग ने

## मामला - क्वांर नवरात्रि मेला में पालिका द्वारा दुकान आवंटन के नाम से किया गया लाखों रुपए का भ्रष्टाचार

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी में लगने वाले क्वॉर नवरात्रि मेले में नगर पालिका द्वारा 7 अक्टूबर तक मात्रा 100 दुकानों की रसीद काटी गई है। जबकि मेले में ठेले खोमचे सहित लगभग 900 दुकाने लगाई जाती है। यही नहीं मेला ग्राउंड में स्थित पालिका के भवन से अनेक दुकानदारों को अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन भी देने की बात सामने आ रही है। अनेक दुकाने ऐसे भी मिलेंगी जिसे आबंटन कराकर ऊंचे दर पर बेचा गया है।

पालिका के राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर तक मात्र 100 दुकानों की रसीद काटी गई है। शेष रसीद काटने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी गई है। जबकि दुकान आवंटन और रसीद काटने का कार्य मेला लगने के एक दिन पूर्व ही कर लिया जाता है। क्योंकि अधिकतर दुकानदार बाहर के होते हैं। यदि 7 अक्टूबर तक मात्र 100 दुकानों की रसीद काटी गई है तो इसमें सीधे तौर पर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार प्रमाणित हो रहा है।

### शेष दुकानों के रसीद काटने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है - राजस्व उप निरीक्षक

पालिका के राजस्व उप निरीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्वांर नवरात्रि पर्व 2024 में स्टॉल रसीद बुक क्रमांक 44 एवं 45 से 100 तक रसीद काटी गई है दो बुक की रसीद की राशि 4 लाख 87 हजार 50 प्राप्त हुई है। शेष रसीद काटने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी की बैठक 14 को

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव की साधारण सभा बैठक 14 अक्टूबर शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

# स्टेट स्कूल मैदान में रावण पूतला बनाने जुटे दर्जन भर कलाकार

## राष्ट्रीय उत्सव समिति की विजयादशमी मनाने जोरदार तैयारी





राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा धूमधाम से विजयादशमी पर्व मनाने के लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। दशहरा पर्व के दिन रावण वध के लिए भिलाई से लगभग दर्जन भर कलाकार बुलाकर 51 फीट का भव्य एवं विशाल रावण पुतला बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय उत्सव समिति के अध्यक्ष तथागत पांडे ने बताया कि विजया दशमी पर्व के दिन धूमधाम से रावण मारे जाने के साथ-साथ मुंबई की जापानी टेक्नोलॉजी वाली रंगबिरंगी आतिशबाजी बुलाई जा रही है। जिसके रौशनी से चकाचौंध वाली आतिशबाजी देखने लायक रहेगा। वहीं लोगों के स्वस्थ मनोरंजन के दिल्ली के सुप्रसिद्ध साधो बैंड बुलाया जा रहा है। उक्त बैंड के कार्यक्रम में फूहड़ता/अश्लीलता का नामोनिशान नहीं रहता। विशुद्ध सूफी भजन- कीर्तन वाला आध्यात्मिकता से भरे 11 कलाकारों वाले इस कार्यक्रम में लोगों को आनंद व सुकून की प्राप्ति होगी। इस बैंड कार्यक्रम के बारे में श्री पांडे ने बताया कि दिल्ली के इस बैंड का आयोजन देश के प्रसिद्ध उद्योगपति अंबानी के बेटे की शादी में भव्य रूप से किया गया था। ऐसे मधुरम व धर्म अध्यात्म से भरे कार्यक्रम का आनंद संस्कारधानी वासियों को विजयादशमी के दिन मिलेगा साथ ही। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय उत्सव के रावण वध कार्यक्रम में तेज आवाज वाली डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। उसके स्थान पर साउंड सिस्टम उपयोग होगा। राष्ट्रीय उत्सव के यह एक दिवसीय दशहरा उत्सव व रावण वध कार्यक्रम की तैयारी के लिए समिति के लोग जी- जान से जुटे हुए हैं।

# मोदी की गारंटी का करिश्मा है हरियाणा के परिणाम, कश्मीर के लोगों ने भी मुहर लगाई - परवेज अहमद



राजनांदगांव (दावा)। हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के नतीजों को भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने मोदी की गारंटी का करिश्मा बताया है। उन्होंने कहा कि, सारे पूर्वानुमान धराशायी हो गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व को सभी ने दिल खोलकर स्वीकार किया है। परवेज ने कहा कि, हरियाणा में भाजपा जहां 49 सीटों के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है तो वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के हिस्से 29 सीटें आई हैं जिसके साथ हम वहां एक मजबूत विपक्ष की भूमिका में होगें। कश्मीर के परिणामों ने साबित किया है कि उग्रवाद के खात्मे, धारा 370 को निष्प्रभावी किए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के फैसले का घाटी में स्वागत हुआ है। इन निर्णयों के खिलाफ जहर उगलने वाली कांग्रेस मटियामेट हो गई है।

08 अक्टूबर को हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनावी नतीजे सामने आए हैं। इस पर भाजपा नेता परवेज ने केंद्रीय नेतृ?व और प्रदेश संगठन को बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि, भाजपा पूर्वानुमानों से भी आगे की सोच रखती है। देशहित सर्वोपरि है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कर्मयोग से इसे सबसे पहली प्राथमिकता देते हुए अपने संकल्प को सिद्ध किया है। उनके ही नेतृत्व में आज देश की सफलता का ढिंढोरा पूरे विश्व में गूंज रहा है। मोदी आज विश्व के सबसे अधिक लोकप्रिय नेता हैं। देश की आवाम ने उन्हें यह मौका बार-बार दिया है।

उन्होंने कहा कि, इन चुनावों के नतीजों ने देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार किया है। इससे पहले छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा की बड़ी जीत और अब ये परिणाम आने वाले महीनों में अन्य राज्यों के चुनावी परिणाम का रुख तय करने वाले हैं। विपक्ष इस मुगालते में न रहे कि, जनहित के मामलों पर अड़ंगा डालने के बाद भी वे सफल हो सकते हैं। जनता ने उन्हें सीख दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com